प्रो॰ रघुनाथ दामोदर करमरकर और विद्यारण्य ने अद्वैत शाखा के गुरुओं की सूची दी है।[४] इस सूची में ऐसा कुछ नहीं है जिसे गौडपाद युग और गौडपादोत्तर युग मे ऐतिहासिक प्रमाण स्वरूप स्वीकार किया जा सके। नारायण और ब्रह्म देवता हैं, तदनन्तर पाँच अर्द्ध पौराणिक व्यक्तित्व हैं। इस सूची में प्रथम ऐतिहासिक व्यक्तित्त्व गौडपाद ही हैं। रामचन्द्र विरचित **'पतञ्जलिचरितम्'** में आचार्य गौडपाद को भाष्यकार पतञ्जलि का शिष्य बताना उचित नहीं है क्योंकि पतञ्जलि और गौडपाद के काल में लम्बा अन्तराल है। मिलिन्दप्रश्न का राजा (मेनाण्डर) ग्रीक देशीय यवन शासक था जिसने पुष्यमित्र के समय साकेत और माध्यमिका (चित्तौड़) पर आक्रमण किये थे। मिलिन्द के इन आक्रमणों का उल्लेख महाभाष्य में हैं।[५] महाभाष्य में यह भी उल्लेख है कि पतञ्जलि पुष्यमित्र के पुरोहित थे– **पुष्यमित्रो यजते, याजका याजयन्ति। यत्र भवितव्यं पुष्यमित्रो याजयते, याजका याजयन्ति।**[६] अतः महाभाष्यकार पतञ्जलि का काल १५०ई॰ निश्चित है।

उपदेशसाहस्री एक ऐसी रचना है जिसे आदिशङ्कर कि रचना माना जाता है। इसका कुछ भाग निश्चित रूप से प्रामाणिक है। इस ग्रन्थ के एक अंश (२/१८/२) में यतीन्द्र की स्तुति की गयी है जिन्हें परमबुद्धि से संवलित वेदों का यथार्थ रक्षक कहा गया है। आगे इसी ग्रन्थ में उद्धरण मिलता है– **नमो यतीन्द्राय 'गुरोर्गरीयसे'** उपदेश साहस्री (२/१८/२)। अनेक विद्वानों ने इस उद्धरण का यह अर्थ किया है– मैं उस महान् यति की वन्दना करता हूँ जो मेरे गुरु के भी गुरु हैं तथा इन्होंने **'गुरोर्गरीयसे'** का अर्थ शङ्कर के भी गुरु गोविन्द के अपने गुरु गौडपाद के रूप में स्वीकार किया है।[७] यहाँ ध्यातव्य है कि संस्कृत के **'गरीयस्'** शब्द के अनेक अर्थों में से एक अर्थ शिक्षक असंगत नहीं है किन्तु इसके अतिरिक्त गुरु शब्द के संस्कृत कोशों में भारी, महत्त्वपूर्ण, महान, सम्माननीय एवं अति मूल्यवान् अर्थ भी किए गये हैं। अतः **'गुरोर्गरीयसे'** का सीधा अर्थ

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

अत्यधिक महान् गुरु– केवल एक गुरु से अति महान् गुरु अथवा अति सम्माननीय गुरु भी हो सकता है। **भगवद्गीता में 'गरीयस्'** शब्द से इन अर्थों की पुष्टि हो जाती है– १. ब्रह्मा से भी महान् (**गरीयसे ब्रह्मणो अपि–** २/३७) एवं २. पूज्य एवं सम्माननीय गुरु (**'त्वमस्य पूज्यश्चगुरुर्गरीयान्'** २/४३)।[८] प्राचीन ग्रन्थों के रचयिताओं ने अपने ग्रन्थों के आरम्भ में अपने गुरुओं की वन्दना की है किन्तु यहाँ **माण्डूक्यभाष्य** में उन्होंने गोविन्दपाद का उल्लेख न कर अपने दादागुरु गौडपाद का उल्लेख किया है– यह उचित प्रतीत नहीं होता।

संगमलाल पाण्डेय ने **छान्दोग्योपनिषद्** के आदि शङ्कराचार्य द्वारा कृत भाष्य– **"तस्मादिदं त्यक्तसर्वबाह्यैषणैरनन्यशरणैः परमहंसपरिव्राजकैरत्याश्रमिभिर्वेदान्तविज्ञानपरैरेव वेदनीयं पूज्यतमैः प्राजापत्यं चेमं सम्प्रदायमनुसारद्भिरूपनिबद्धं प्रकरणचतुष्टयेन। तथानुशासत्यद्यापि त एव नान्य इति"** (८/१२/१)[९] के आधार पर गौडपाद को आदि शङ्कर का परमगुरु माना है। उन्होंने इस भाष्य का अनुवाद इस प्रकार किया है– **'प्रजापति सम्प्रदाय का अनुसरण करने वाले परमपूज्य गुरुओं द्वारा चारों प्रकरणों में उपनिबद्ध आत्मतत्त्व वेदान्त दर्शन के ऐसे ज्ञाता जनों द्वारा वेदनीय है, जिन्होंने समस्त बाह्य एषणाओं का परित्याग कर दिया है, जो अनन्य शरण हैं, परमहंस परिव्राजक हो चुके हैं तथा आज भी केवल वे ही इसकी शिक्षा दे रहे हैं, कोई अन्य नहीं।'**[१०]

इस अनुवाद के आधार पर संगमलाल पाण्डेय ने यह सिद्ध करने का प्रयास किया है कि आगम शास्त्र जिसे शङ्कर ने अपने भाष्य के प्रारम्भ में प्रकरण चतुष्ट्य कहा है, किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा रचित है, जो स्वयं शङ्कर के जीवन काल में वेदान्त की पारम्परिक दर्शन की शिक्षा प्रदान कर रहा था। डॉ॰ पाण्डेय का यहाँ प्रकरणचतुष्ट्य का तात्पर्य रचना अथवा ग्रन्थ के रूप में लेना सर्वथा अनुचित है क्योंकि प्रकरणचतुष्ट्य का प्रयोग चार शिक्षाओं के लिए किया गया है, न कि आगमशास्त्र के भाष्य में उद्धृत प्रकरणचतुष्ट्य के लिए। प्रजापति सभी दोषों से मुक्त, अजर एवं अमर आत्मतत्त्व की शिक्षा दे रहे हैं। यहाँ प्रजापति द्वारा इन्द्र को निम्नलिखित चार शिक्षाएँ दी गयी है– १. आत्मा अशरीर है। २. आत्मा स्वप्न द्रष्टा है। ३. आत्मा सुसुप्ति अवस्था को प्राप्त करने वाला है। ४. आत्मा अशरीरी है तथा मृत्यु के अवसर पर मुक्त हो जाता है। भाष्य में प्रकरण शब्द का प्रयोग प्रकार और पर्याय जैसे शब्दों के स्थान पर इन्हें सूचित करने के लिए किया है।[११] इसी प्रकार इसी उपनिषद् के भाष्य (८/११/३) में आत्मतत्त्व के निवर्चन क्रम में प्रजापति तीन पर्यायों का प्रयोग (शरीर रूप में आत्मा, स्वप्न द्रष्टा रूप में

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

आत्मा और सुसुप्त रूप में आत्मा) करते हैं।[१२]

छान्दग्योपनिषद् के आदि शङ्कराचार्य द्वारा कृत भाष्य (८/१२/१) के उपर्युक्त वाक्य खण्ड का अनुवाद गंगानाथ झा द्वारा किया गया है जो यह दर्शाता है कि ये आत्मा के सम्बन्ध में शिक्षाएँ हैं, ग्रन्थ अथवा रचना नहीं है। अनुवाद इस प्रकार है– **'परम आत्मतत्त्व केवल उन परमहंस परिव्राजकों द्वारा वेदनीय है जिन्होंने समस्त बाह्य एषणाओं को त्याग दिया है, जो किसी अन्य की शरण में जाने वाले नहीं है, जिन्होंने जीवन की सर्वोत्तम अवस्था को ग्रहण कर लिया है, जो केवल वेदान्त विज्ञान परायण है, जो पूज्यतम हैं, जो प्रकरण चतुष्ट्य में प्रजापति द्वारा उपनिबद्ध सम्प्रदाय का अनुसरण करते हैं। आज भी केवल ऐसे पूज्यनीय ही इस सिद्धान्त की शिक्षा देते हैं, अन्य कोई नहीं।'**[१३]

इसके अतिरिक्त प्रकरणचतुष्ट्य पर यदि आनन्दगिरी की टीका पर दृष्टिपात करें तो उन्होंने प्रजापति द्वारा इन्द्र को उपदिष्ट इन्हें आत्मा की प्रकृति से सम्बन्धित चार शिक्षाएँ बताया है। आनन्दगिरि कहते हैं कि तीन अवस्थाएँ तथा चतुर्थ अवस्था इन चार शिक्षाओं के विषय हैं– **स्थान– त्रय तुरीयं चेत्येतद् विषयं प्रकरणचतुष्ट्यम्।**[१४]

थामस वुड का कथन है कि शङ्कर, मण्डन मिश्र, और सुरेश्वर में से किसी ने भी आगमशास्त्र के सर्वाधिक विवादग्रस्त अलातशान्ति प्रकरण से एक भी कारिका को उद्धृत नहीं किया है। साथ ही इनमें से किसी ने भी जाग्रत एवं स्वप्न अवस्था के अनुभवों के मध्य वास्तविक विभेद का खण्डन करने वाली किसी भी कारिका को उद्धृत नहीं किया है। इसके अतिरिक्त उन्होंने अलातशान्ति प्रकरण की १७वीं और १८वीं कारिकाओं को कहीं भी उद्धृत नहीं किया जो कि समूचे आगमप्रकरण में सर्वाधिक विवादग्रस्त एवं अस्पष्ट हैं। इन दिनों कारिकाओं की अद्वैत वेदान्त की स्थापना से कोई संगति नहीं बैठती है। ये कारिकाएँ बौद्ध दर्शन के शून्यवाद की शिक्षाएँ प्रतीत होती हैं। फिर भी वे ऐसे ग्रन्थ में अन्तर्भूत कर ली गयी है जो स्पष्ट रूप से वेदान्त का ग्रन्थ हैं।[१५] आगे उनका कथन है कि अलातशान्ति प्रकरण की इन दोनों कारिकाओं पर आनन्दगिरि मध्व और कूरनारायण ने इस ग्रन्थ की कारिकाएँ बताया है और परम गुरु गौडपाद का कोई भी उल्लेख किये बिना आगम प्रकरण पर अपने भाष्य लिखे हैं।[१६]

निष्कर्ष रूप से कहा जा सकता है यद्यपि वेदान्त परम्परा उपसंहरणात्मक द्वितीय कारिका की अन्तिम पंक्ति में उल्लिखित परमगुरु शब्द को आदिशङ्कर के परमगुरु के रूप में संकलित करती है। जबकि अन्तिम कारिका भाष्यकार के

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

अपने गुरु को ही संकेतित करती है, भले ही वह कोई भी रहा हो। यह कारिका गोविन्दपाद का उसी प्रकार उल्लेख नहीं कर रही है जिस प्रकार द्वितीय कारिका में आचार्य गौडपाद का सुस्पष्ट उल्लेख नहीं है। यदि आचार्य गौडपाद शङ्कर के परमगुरु होते तो आनन्दगिरि, मध्व और कूरनारायण आगमप्रकरण पर लिखित अपने भाष्यों में अवश्य उनका सीधे-सीधे उल्लेख करते।

---

१. सुरेश्वर ने २/१/३८६ में गौडपादीयकारिका ३/१५ को, ४/८/८८६,८८८ में गौडपादीयकारिका ३/३८,३/४६ को और १/४/८६ में गौडपादीयकारिका २/१७ को गौडपाद के वचनों के लिए प्रयुक्त किया है।
२. आनन्दगिरि टीका, पृ० २, १९१६ आनन्द आश्रम संस्कृत सीरिज़, पूना
३. माण्डूक्योपनिषद् एण्ड आगमशास्त्रः एन इन्वेस्टिगेशन इन्टू मीनिंग ऑफ द वेदान्त, थामस ई० वुड, पृ० १२९, १९९०, मोनोग्राफ न० ८, यूनीवर्सिटी ऑफ हवाई, होनोलुलु
४. गौडपादकारिका, रघुनाथ दामोदर करमरकर, इन्ट्रोडेक्शन, पृ० I, II, भण्डारकर ऑरियण्टल रिसर्च इन्स्टीट्यूट, पूना १९७३
५. महाभाष्य ३/२/११
६. वही, ३/१/२६
७. (क) 'गौडपाद' इन 'ई०आई०पी०' अद्वैत वेदान्त अप टू शङ्कर एण्ड हिज पुपिल्स, सम्पादक कार्ल एच० पोटर (प्रींसेटॉन) पृ० १०३, १९८१
(ख) प्रि- शङ्कर अद्वैत फिलॉसफी, पृ० ३०, संगमलाल पाण्डेय, इलाहाबाद, १९७४
८. माण्डूक्योपनिषद् एण्ड आगमशास्त्रः एन इन्वेस्टिगेशन इन्टू मीनिंग ऑफ द वेदान्त, थामस ई० वुड, पृ० २११, टिप्पणियाँ, १९९०ई० मोनोग्राफ न० ८, यूनीवर्सिटी ऑफ हवाई, होनोलुलु
९. छान्दोग्योपनिषद् सानुवाद शाङ्करभाष्य पृ० ९२२ गीता प्रेस गोरखपुर
१०. प्रि- शङ्कर अद्वैत फिलॉसफी, पृ० ३०-३१, इलाहाबाद १९७४
११. 'य एषोऽक्षिणि' इत्याद्युक्तं प्रजापतिना त्रिभिः पर्यायैर्न पर इति। चतुर्थे तु पर्याये देहान्मर्त्यात्समुत्थायाशरीरतामापन्नो ज्योतिःस्वरूपं यस्मिन्नुत्तमपुरुषे स्त्र्यादिभिर्जक्षत्क्रीडन्रममाणो भवति स उत्तमः पुरुषः पर उक्त इति चाहुः। (छान्दोग्योपनिषद् सानुवाद शाङ्करभाष्य ८/१२/१ पृ० ९१४, गीता प्रेस गोरखपुर
१२. यो मयोक्तस्त्रिभिः पर्यायैस्तमेवैतं नो एवान्यत्रैतस्मादात्मनोऽन्यं कञ्चन किं तर्ह्येतमेव व्याख्यास्यामि। (छान्दोग्योपनिषद् सानुवाद शाङ्करभाष्य ८/१२/३, पृ० ९०४, गीता प्रेस गोरखपुर
१३. छान्दोग्योपनिषद् भाष्य आनन्दगिरी टीका के साथ आनन्द आश्रम संस्कृत सीरिज़ १४, १९१३, पूना, अंग्रेज़ी अनुवाद गंगानाथ झा कृत (मद्रास, १८९९)
१४. वही
१५. माण्डूक्योपनिषद् एण्ड आगमशास्त्रः एन इन्वेस्टिगेशन इन्टू मीनिंग ऑफ द वेदान्त, थामस ई०वुड पृ० १३०, १३५, १९९०ई०, मोनोग्राफ न० ८, यूनीवर्सिटी ऑफ हवाई, होनोलुलु
१६. वही, पृ० १३५

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

वैदिक चिन्तन में वाक् की अवधारणा

त्रिभुवननाथ शुक्ल

वाचः ५७ पर्यायान्, येषां प्रयोगः ऋग्वेदे उपलभ्यते, प्रस्तुत्य तेषां शब्दानां विवेचनं करोत्यस्मिन् प्रबन्धे लेखकः। पर्यायाणां सम्यग्विवेचनेन इदं प्रतीयते सर्वेऽपि शब्दाः वाण्याः पर्यायत्वेनैव गृहीता इति। विभिन्नरूपेण वाग्देव्याः कल्पना, तन्माध्यमेन तद्विस्तार एव ऋषीणां लक्ष्यम्। इयं हि वाक् परा, पश्यन्ती, मध्यमा, वैखरीति रूपेणापि प्रवृत्ता इति च निरूप्यते।

शास्त्रों में शब्द को ब्रह्म कहा गया है। सम्पूर्ण जगत् शब्दमय है। शब्द की ही प्रेरणा से समस्त संसार गतिशील है। महती स्फोट की प्रक्रिया से जगत् की उत्पत्ति हुई है। उसका विनाश भी शब्द से होगा।

दैनिक जीवन में काम आने वाले शब्दों को दो भागों में विभक्त किया जा सकता है–व्यक्त और अव्यक्त। जैन मतावलम्बी इसे जल्प और अन्तर्जल्प कहते हैं। जो बोला जाता है उसे जल्प कहते हैं। जल्प का अर्थ है– व्यक्त स्पष्ट मन्तव्य। जो स्पष्टतः बोला नहीं जाता, जो मन में सोचा जाता है, वह है– अन्तर्जल्प।

मन्त्र शक्ति का प्रभाव पूर्णतः **'वाक'**, पर ही निर्भर है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए **'वाक्'** की प्रशंसा की गई है–

'अस्थि वा ऋक्' – मन्त्र तो हड्डियाँ मात्र है। **–शतपथ ७/५/२/२५**

'प्राणो वै स्वरः'– प्राण तो स्वर है। **–ताण्ड्य ब्रा॰ २४/११/९**

वाक्यसिद्धिर्द्विधा प्रोक्ता शापानुग्रहकारिका।

–शक्तिपञ्चकम्

वाक् सिद्धि दो प्रकार की होती है, एक शाप देने वाली दूसरी वरदान देने वाली।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

'स यो वाचं ब्रह्मेत्वपास्ते यावद्वाचो गतं तत्रास्य यथा कामचारो भवति।'

–छान्दोग्य ७/२/२

जो वाणी को ब्रह्म समझ कर उपासना करता है उसकी वाणी की गति इच्छित क्षेत्र तक ही जाती है।

'यामाहुर्वाचं कवयो विराजम्' **–अथर्व० ७/२/७**

समस्त संसार का निर्माण करने वाली यह विराट् वाक् ही है।

'यावद् ब्रह्म विष्ठितं तावती वाक्'। **–ऋ. १०/११४/८**

जहाँ तक ब्रह्म विस्तृत है, उतना ही वाक् विस्तृत है –'विराट् वाक्'। यह वाक् विराट है। **–अथर्व० १/१५/२४**

'तद्यत् कि चार्वाचीन ब्रह्मणस्तद् वागेव सर्वम्, –

ब्रह्म के पश्चात् वाक् ही उत्पन्न हुई। **–जै० उ० १/११/१/३**

वाग्वै विश्वकर्मषिः वाचा हीदं सर्व कृतम।' **–यजु०–१३/५८**

वाक् ही विश्वकर्मा ऋषि है उसी ने यह संसार बनाया।

प्रजापतिर्वा इदमेक आरां तस्य वागेव स्वमासीत् वाग् द्वितीया सा ऐक्षतेमामेव वाचं विसृजा। इयं वा इदं सर्व भिवन्तयेष्यतीति। – तां० ब्रा० २०/१४

प्रजापति अकेले थे। उनके पास वाक् ही एक सम्पत्ति थी। उसने विचार किया कि मैं इस वाक् को ही प्रखर करूँ। यही सब कुछ बन जाएगी। **'तिस्रो वाचो प्रवदि ज्योति रथा'**– उस वाक् का ज्योति रूप में दर्शन होता है।

'स्वरूप ज्योति रेवान्तः परावागत्तपायिनी'। यह वाक् ज्योति रूप में परिलाक्षित होती है। **– महाभारत।**

'आगमोक्तं विवेकाच्च द्विधा ज्ञानं तथोच्यते।।
शब्दब्रह्माऽऽगमयं पर ब्रह्म विवेकजम्। **–अग्निपुराण।**

एक शब्द ब्रह्म है, और दूसरा परब्रह्म। शास्त्र और प्रवचन से शब्द ब्रह्म और विवेक मनन चिन्तन से परब्रह्म की प्राप्ति होती है।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

शब्द ब्रह्माणि निष्णातः पर ब्रह्माधिगच्छाति। –शतपथ

शब्द ब्रह्म को ठीक तरह से जानने वाला ब्रह्म तत्त्व को प्राप्त करता है।

वागेव विश्वा भुवनानि जज्ञे वाच इत्सर्वममृतं यच्च मर्त्यम्।
–शतपथ

वाक् इस सृष्टि का मूल तत्त्व है। यह मनुष्य लोक शक्ति का अमृत है। शब्दों में जो शक्तियाँ भरी हैं, वे अद्‌भुत हैं।

वाणी से आराधना करना पर्याप्त नहीं, उसे वाक् बनाकर ही अध्यात्म क्षेत्र में सफलता प्राप्त की जा सकती है। वाणी एक मूल पदार्थ है। शोधित होने पर वह अमृत बन जाती है औ विकृत होने पर विष का काम करती है। शोधि त वाणी को ही वाक् कहा गया है।

तैत्तरीय ब्राह्मण में वाक् की महिमा का गान करते हुए कहा गया है–

वागक्षरं प्रथमजाऋतस्य वेदानां माताऽमृतस्य नाभिः।

ऋत का प्रथम सृजन अविनाशी वाक् है। यही वेदों की माता है। यही अमृत की नाभि है। –तै० ब्रा०–२/८/८/५

क्लद्वाग्वदन्त्य विचेतनानि राष्ट्री देवानां निषसाद मन्द्रा।
चतस्त्रवलर्ज्ज दुदुरे पयांसि क्वल्विदस्याः परमं जगामै।।
–सरस्वती रहस्योपनिषद्

वाक् विश्वव्यापिनी है, समस्त प्राणियों में व्याप्त है अल्प चेतनाओ में भी वह विद्यमान है। वह देवताओं का भी संचालन करती है। न जाने कब हम उसे जान सकेंगे।

सः वै वाचमेव प्रथमामत्यवहत् सा यदा
मृत्यु– मत्यमुच्यत सोऽग्निरभत् सोयमग्नि
परेण मृत्युमतिक्रान्तो दीप्यते। –बृ. उ. १/३/१२

वाक् देवता को प्राण ने मृत्यु से पार किया। यह वाक् अग्नि बनकर अमर हो गई और वह असीम शक्तियों से ओत-प्रोत होकर ज्योतिर्मय हो गई।

वाक् के चार चरण हैं– १. परा २. पश्यन्ती ३. मध्यमा और ४. वैखरी। इनमें से प्रथम तीन अन्तः करण रूपी गुफा में छिपी रहती है। वैखरी ही बोलने में प्रयोग की जाती है।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

चत्वारिवाक् परिमिता पदानि तानि विदुर्ब्राह्मणे ये मनीषणःगुहात्रीणि निहिता नेगयन्ति तुरीयं वाचो मनुष्यावदन्ति। –ऋ. १/२२/१/१६४/४०

स उत त्वः पश्यन्न ददर्श वाचमुत त्वः श्रृण्वन्न श्रृणोत्येनाम्। उतो त्वस्मै तन्वां विसस्त्र जायेव पत्य उशती सुवासोः।।–३२।।–सरस्वती रहस्योपनिषद्

वाणी की रहस्यमयी शक्ति को कुछ लोग देखते हुए भी नहीं देखते, सुनते हुए भी नहीं सुनते, वे लोग बड़े भाग्यवान् हैं जिनके सामने वाणी के नग्न स्वरूप का उद्घाटन होता है।

परायामंकुरो भूयं पश्यन्त्यां द्विदलीकृता।।१७।।
मध्यमायां मुकुलिता वैखर्या विकसीकृता।
पूर्वे यथोदिता या वाग्विलोमेनास्तगा भवेत्।।१९।।
–योग कुण्डल्युपनिषद् ३/१८–१९

वाणी का उद्भव परा से होता है। पश्यन्ती में विकसित हो कर उसकी दो शाखाएँ फूटती हैं। मध्यमा में वह पुष्पों से लद जाती है और वैखरी में वह फलित होती है। जिस क्रम से उसका विकास होता है उसके उलटे क्रम से वह लय भी हो जाती है। वाक् शक्ति को ही अग्नि भी कहा गया है। यह अग्नि सर्वत्र तेजस्विता, ऊर्जा, प्रखरता एवं आभा उत्पन्न करती है। इसीलिए वाक् अग्नि भी है–

त्वां पूर्व ऋषयो गीर्भिरायन्
त्वा मध्वरेपु पुरूहूत विश्वे। –ऋ १०/९८/९

पूर्व काल में ऋषि वाणी द्वारा अग्नि को प्राप्त करते रहे हैं।

वैखरी, मध्यमा, परा और पश्यन्ती वाणियों के प्रभाव के अनुरूप उनके नाम वायु, सूर्य, दिग्पाल, चन्द्र भी कहे गये हैं–

अग्निर्वाग् भूत्वा पुंख प्राविशद्वायुः प्राणो भूत्वा नासिके प्राविशत् आदित्यश्रचक्षु भूर्त्वाऽएक्षिणी प्राविशदिदशः श्रोत्रं भूत्वा कर्णौ प्राविश्शन् ....चन्द्रमा मनो भूत्वा हृदयं प्रविशत्।–ऐतरेय ब्राह्मण २/४/२

अग्नि ने वाक् बन कर मुख में प्रवेश किया। नाक में हो कर वायु देवता प्रविष्ट हुए। सूर्य ने नेत्रों में निवास किया। दिग्पाल कानों में प्रवेश कर गए। चन्द्रमा मन बन कर हृदय में समाया। वाणी के दो विभाग हैं एक वह जिसे जिह्वा

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

की सहायता से मनुष्य बोलता रहता है, दूसरा वह है जिसके माध्यम से देवता बोलते हैं। श्रुति वचन है–

आपक्रायन् पौरूपेदनाद् वृणानौद्वपवचः।

एक से मनुष्य बोलते रहते हैं और अपना मन हलका करते रहते हैं। दूसरी वाणी देवताओं की है जिसके माध्यम से दिव्य अनुदान लिए और दिए जाते हैं।

वैखरी वार्तालाप में बोली जाती है। यह मनुष्यों की है। देवताओं की तीन वाणियाँ हैं–मध्यमा, परा और पश्यन्ती। ये बोली नहीं जाती किन्तु देवताओं द्वारा बोली और प्रकट की जाती है।

मध्यमा वाणी वह है जिसमें शब्दों का उच्चारण तो नहीं होता पर संकेतों से अभिप्राय प्रकट होता है। चेहरा एक प्रकार का दर्पण माना गया है। उस पर विचारणाएँ और भावनाएँ छाई रहती हैं। उन्हें पढ़ा जा सकता है और मनः स्थिति का अनुमान लगाया जा सकता है। हाथों की मुद्राएँ भी कुछ संकेत करती हैं। भावना की अभिव्यक्ति तो आँखों और होठों के माध्यम से ही मुख्यतः होती है। इस प्रकार से अभिप्राय को प्रकट करने वाली मध्यमा वाणी में कुछ कहने सूनने की आवश्यकता नहीं पड़ती तो भी व्यक्ति एक–दूसरे की मनः स्थिति से अवगत होते रहते हैं।

परावाणी–वह है जो विचारों के रूप में मस्तिष्क में चलती रहती है। इसका प्रत्यक्ष प्रकटीकरण तो मुखाकृति से भी नगण्य होता है, पर उसका प्रभाव दूसरों पर पड़ने में कमी नहीं आती। विचार–प्रवाह एक सीमित क्षेत्र पर धूप की तरह फैला रहता है, उसका प्रभाव काम करता है। जो अन्तर धूप और छाया में है, वही अन्तर शुभ और अशुभ विचारों में होता है। सत्संग और कुसंग में आवश्यक नहीं कि वार्तालाप द्वारा ही सब कुछ कहा सुना जाय। विचारों की विद्युत् तरंगे समीपवर्ती लोगों तक पहुँचती हैं और उन्हें परोक्ष रूप से अपनी प्रेरणा से प्रभावित करती हैं।

परावाणी प्राण से निकलती है और समीपवर्ती सारे वातावरण में गूँजती है। एक का प्राण दूसरे प्राणें में उसी प्रकार स्पन्दन उत्पन्न करता है, जिस प्रकार गुम्बज की आवाज़ गूँजती है। ऋषियों के आश्रम में शेर और बकरी एक ही घाट पर पानी पीते थे। जितनी सीमा सीमा में यह गुँजन रहता है उतने क्षेत्र में प्राणियों के बीच अहिंसावृत्ति और प्रेमभाव बना रहता है। दुष्ट प्राण भी यदि जागृत कर

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

रखा है तो व्यभिचारी, दुर्व्यसनी लोग अपने समीपवर्ती लोगों को बिना कुछ कहे-सुने ही उस प्रकार की वृत्ति का संचार करते हैं। सन्त भले ही वाणी से प्रवचन न करें पर उनकी अन्तरात्मा अपनी भावनाओं, मान्यताओं, आकांक्षाओं को क्षेत्रवर्ती लोगों के अन्तःकरण तक पहुँचा देती है।

आन्तरिक भावनाओं का समावेश मध्यमा में होता है। दर्शक यदि सूक्ष्मदर्शी है तो ही चेहरा पढ़ सकता है, अपनी मनोवृत्ति क अनुरूप दूसरी की भावनाओं का अर्थ लगा लेते हैं। वाणी और मुद्रा की परिधि सीमित है। कान अपनी सामर्थ्य की दूरी से शब्द सुनते हैं। आँखों की शक्ति आकृति के ऊपर छाई हुई अभिव्यंजना को देख सकती है।

मध्यमा के द्वारा निकलने वाली विचार-तरंगे काफ़ी दूर तक जाती है। यह चिन्तक के व्यक्तित्व और प्राणप्रवाह पर निर्भर है कि वह कितनी दूर तक पहुँचे और कितनी प्रभाव उत्पन्न करे।

समान विचार के लोग परस्पर सफतलापूर्वक आदान-प्रदान कर लेते हैं जबकि प्रतिकूल स्तर के साथ वे टकरा कर छितरा जाते हैं और अस्वीकृत-तिरस्कृत होने पर वापस लौट जाते हैं। विश्वामित्र के स्वप्न-दर्शन का हरिश्चन्द्र पर इतना प्रभाव पड़ा कि वे अपना राजपाट, शरीर, परिवार दान देने के लिए तैयार हो गए। किन्तु ताडका, सुबाहु, मारीच उनके इच्छा के विपरीत यज्ञ में विघ्न ही डालते रहे।

पश्यन्ती वाणी में पूर्वोक्त तीनों वाणियों की तरह न्यूनाधिक मात्रा में भी शब्दों का प्रयोग नहीं करना पड़ता। इसे जागृत करने के लिए मौन रहने का अभ्यास करना पड़ता है ताकि इस क्षमता को पूरी तरह संगृहीत कर के रखा जा सके।

पश्यन्ती वाणी आत्मा से निसृत होती है और आत्माओं को अपने ढाँचे में ढालती चली जाती है। असुरों ने पश्यन्ती वाणी के प्रभाव से समूचे लंका जैसे प्रदेश के सभी निवासियों को असुर स्वभाव में ढाल दिया था। रामराज्य की स्थापना के समय ऋषियों का असाधारण योग-दान था। लंका दहन में राम-रावण युद्ध की भूमिका काम दे गई थी, किन्तु जब समूची प्रजा का धर्मात्मा बनाने का प्रसंग आया तो उस प्रयोजन के लिए ऋषियों ने पश्यन्ती वाणी के विस्तार का महानुष्ठान सम्पन्न किया था।

पश्यन्ती वाणी अत्यन्त ओजमय होती है। वह सीमित क्षेत्र में अवरुद्ध नहीं रहती, वरन् उसका प्रभाव दूरगामी और अत्यन्त प्रभावी होता है। व्यापक

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

जनमानस का प्रवाह परिवर्तन करने मे वैखरी वाणी काम नहीं आती। किन्तु पश्यन्ती वाणी बिना एक शब्द कहे ही अनेक व्यक्तियों को अनुगमन करने के लिए प्रेरित करने में सफल होती देखी गई है।

पश्यन्ती वाणी को उभारने में मौन के अतिरिक्त चरित्र एवं लक्ष्य का ऊँचा होना भी आवश्यक है। पश्यन्ती का उद्गम स्थल अन्तः करण है, जिसमें से प्रभावशाली प्रवाह उद्भूत करने के लिए यह आवश्यक है कि स्थूल शरीर के क्रिया-कलाप सूक्ष्म शरीर के चिन्तन और कारण शरीर के सद्भाव उच्च कोटि के रहें। इन सबकी संयुक्त उत्कृष्टता ही पश्यन्ती वाणी का निर्माण करती है। वह इतनी प्रचण्ड हो सकती है कि अनाचार का मुकाबला कर सके और सत्प्रवृत्तियाँ दूरगामी क्षेत्र में सफल बनाने की भूमिका निभा सके।

मन्त्र की चमत्कारी क्षमता जिस उच्चारण पर निर्भर रहती है, उसे वाक् कहा गया है। इस वाक् शक्ति को विकसित करने के लिए मन, वचन और कर्म में ऐसी उत्कृष्टता उत्पन्न करनी पड़ती है कि जिह्वा को दग्ध करने का कोई कारण शेष न रह जाय। इतना कर लेने के पश्चात् जपा हुआ मन्त्र सहज ही सिद्ध हो जाता है। उच्चारण किया हुआ वह शब्द निश्चित रूपेण सफल होता है, यदि वाणी दूषित, कलुषित, दग्ध स्थिति में पड़ी रहे तो उसके द्वारा उच्चरित मन्त्र भी जल जाएँगे। परिष्कृत जिह्वा में ही वह शक्ति रहती है, जिस पर किसी भी भाषा का, कोई भी मन्त्र प्रभावशाली हो उठता है। ऐसी परिष्कृत वाणी को .... वाक् को मन्त्र साधना का प्राण कहा जा सकता है।

स योवाचं ब्रह्ममेत्वपास्ते यावद्वाचो गतं
तत्रास्य यथा कामाचारो भवति। **–छान्दोग्य ७/२/२**

जो वाणी को ब्रह्म समझ कर उसकी उपासना करता है। उसकी गति इच्छित क्षेत्र तक हो जाती है।

वागेव विश्वा भुवनानि जज्ञे वाच उत्सर्वममृत यच्च मर्त्यम्। –शतपथ

यह वाक् ही सृष्टि का मूल तत्त्व है। यही मनुष्य लोक का अमृत है। इसके द्वारा उच्चारित शब्दों में अद्भुत शक्तियाँ भरी होती हैं।

इस प्रकार यह तथ्य सुस्पष्ट हो जाता है कि परिष्कृत चिन्तन एवं चरित्र के आधार पर साधना की गई वाक् शक्ति की क्षमता असीम है।

श्रीमद्भागवत् के छठें स्कन्द के सोलहवें अध्याय में कहा गया है– **'शब्द ब्रह्म परब्रह्म भार्गेभ्यां शाश्वती तनु'** अर्थात् शब्द ब्रह्म और परब्रह्म ये

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

दोनों ही भगवान् के नित्य और चिन्तम शरीर हैं। **शतपथ ब्राह्मण** में शब्द को ब्रह्म कहा गया। **शब्दो वै ब्रह्म।**

तत्त्ववेत्ताओं ने सकल ब्रह्मण्ड को वाक् में समाहित माना है। वाक् के उपयोग एवं रहस्य के विषय में **ऋग्वेद** में इस प्रकार उल्लेख मिलता है–

उत त्वः पश्यन्न ददर्श वाचमुत त्वः श्रृण्वन्न श्रृणोत्येनाम्।
उतो त्वस्मैतन्वं? वि सस्त्रे जायेव पत्य उशती सुवासाः।।

–ऋ. १०/७१/४

अर्थात् कोई–कोई तो वाक् का चमत्कार देखते हुए भी आँखे बन्द किये रहते हैं, किन्तु, जो लोग उसे देखते और सुनते हैं, उनके सम्मुख यह वाग्देवी अपने आपको समर्पित कर देती है।

वाक् के उपयोग के सम्बन्ध में ध्यातव्य बात का उल्लेख करते हुए **ऋग्वेद** में कहा गया है।

सक्तुमिव तितउना पुनन्तो यत्र धीरा मनसा वाचमक्रमत।
अत्रा सखायः सख्यानि जानते भद्रैपां लक्ष्मीर्निहिताधि वाचि।।

–ऋ. १०/७१/४

सूप से सत्तुओं को स्वच्छ करने के समान मेधावी जन जिस समय अपनी बुद्धि, ज्ञान की सामर्थ्य से भाषा को सुसंस्कृत करते हैं, तब भिन्न, आत्मीय जन मित्रता के भावों को समझते हैं। ऐसी स्थिति में उनकी वाणी में लक्ष्मी का निवास होता है।

वाक् के ५७ पर्यायों का उल्लेख निघण्टु में किया गया है, जो इस प्रकार है–

१. श्लोकः	२. धारा	३. इला	४. गौ
५. गान्धर्वी	६. गौरी	७. गभीरा	८. गम्भीरा
९. मन्द्रा	१०. मन्द्राजनी	११. वाशी	१२. वाणी
१३. वाणीची	१४. वाणः	१५. पविः	१६. भारती
१७. धमनिः	१८. नालीः	१९. मेलिः	२०. मेना
२१. सूर्या	२२. सरस्वती	२३. निवित्	२४. स्वाहा
२५. वाग्निः	२६. उपब्दिः	२७. मायुः	२८. काकुत्
२९. जिह्वा	३०. घोपः	३१. स्वरः	३२. शब्दः

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

३३. स्वनः	३४. ऋक्	३५. होत्रा	३६. गीः
३७. गाथा	३८. गणः	३९. धेनाः	४०. ग्नाः
४१. विपाः	४२. नगा	४३. कशा	४४. धिपणा
४५. नौः	४६. अक्षरम्	४७. मही	४८. अदिति
४९. शची	५०. वाक्	५१. अनुष्टुप	५२. धेनु
५३. वल्गुः	५४. गल्दा	५५. सरः	५६. सुपर्णी
५७. बेकुरा			

वाक् के उपर्युक्त पर्यायों का प्रयोग वैदिक साहित्य में किन स्थलों पर और किन अर्थों में हुआ है इसका विस्तृत विवेचन इस प्रकार है–

(१) श्लोकः– वाक् के पर्याप्त के रूप में श्लोक शब्द का प्रयोग **ऋग्वेद** संहिता में २५ बार हुआ है। स्तोत्र अर्थ के वाचक के रूप में निम्नलिखित मन्त्र में इसका प्रयोग हुआ है–

अस्मे इन्द्रो वरूणो अर्यमा द्युम्नं यच्छन्तु महि शर्म सप्रथः।
अवध्रं ज्योतिरदिते ॠतावृधो देवस्य श्लोकं सवितुर्मनामहे।।

–ऋ. ७/८३/१०

इन्द्रदेव, वरूणदेव, मित्रदेव एवं अर्यमा देव हमें विशाल निवास, तेजस्वी धन एवं सुख प्रदान करें। यज्ञ को बढ़ाने वाली देवी अदिति का तेज हमारा पालन करे। हम सब सविता देव की स्तुति करते है।

वृहत् मन्त्र एवं शब्द के वाचक के रूप में श्लोक का प्रयोग **ऋग्वेद** के इस मन्त्र में हुआ है–

युजे वां ब्रह्म पूर्व्यं नमोभिर्वि श्लोक एतु पथ्येव सूरेः।
शृण्वन्तु विश्वे अमृतस्य पुत्रा आ ये धामानि दिव्यानि तस्युः।।

–ऋ. १०/१३/९

हे शकटद्वय! आप दोनों का हम सोमादि हविष्यान्न से अभिपूरित कर के पत्नीशाला से हविर्धान की ओर लाते हैं, तब यज्ञ को सम्पन्न करते हैं। आहुतियों की तरह हमारे स्तोत्रवचन भी देवों के समीप पहुँचें। दिव्यलोक के उच्च स्थान में प्रतिष्ठित अमरता को प्राप्त देवगण हमारे स्तोत्रों को सुनें। शब्द स्तोत्र के अर्थ में श्लोक शब्द इस प्रकार प्रयुक्त हुआ है–

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

अपहत रक्षसो भङ्गुरावतः स्कभायत निर्ऋतिं सेधतामतिम्।
आ नो रपिं सर्ववीरं सुनोतन देवाव्यं भरत श्लोकमद्रयः।।

–ऋ. १०/७६/४

मन्त्र, शब्द, स्तोत्र अर्थ में निम्नलिखित स्थलों पर श्लोक शब्द प्रयुक्त हुआ है–

मम पुत्राः शत्रुहणोऽथो में दुहिता विराट्।
उताहमस्मि सञ्जया पत्यौ मे श्लोक उत्तमः।।

–ऋ. १०/१५९/३

मेरे पुत्र शत्रुओं का नाश करने में समर्थ और मेरी ही कन्या सर्वश्रेष्ठ रंगरूप से सुशोभित है। मैं सबसे ऊपर विजय प्राप्त करती हूँ। स्वामी भी मेरे यश की चर्चा करते हैं।

ध्वनि एवं वाणी तथा मन्त्र, स्तोत्र, शब्द के रूप में **'श्लोक'** शब्द इन स्थलों पर प्रयुक्त करता है।

प्रवद्यामना सुवृता रथेन दस्राविमं श्रृणतं श्लोकमद्रेः।
किमङ्गंवा प्रत्यवर्ति गमिष्ठाहुर्विप्रासो अश्विना पुराजाः।।

–ऋ. १/११८/३

हे अरिविनाशक अश्विनीकुमारो! आप दोनों अपने सुन्दर शीघ्र गतिशील रथ से यहाँ आकर सोमरस अभिषवण काल में स्तोत्रगान सुनें। आप दोनों के सम्बन्ध में पुरातन काल के ज्ञानवान् बार-बार कहते रहे हैं कि आप दरिद्रता और दुःखों का नाश करने के लिए ही विचरण करते हैं।

होता यक्षद्वनिनो वन्त वार्यं बृहस्पतिर्यजति वेन उक्षभिः पुरूवारेभि–रूक्षभिः

जगृम्था दूर आदिशं श्लोकमद्रेरधत्मना।
अधारयदररिन्दानि सुक्रतुः पुरू सद्मनि सुक्रतुः।।

–ऋ. १/१३९/१०

यज्ञकर्ता यज्ञ द्वारा विभिन्न कामनाओं को पूर्ण करें। कल्याणकारी बृहस्पति, सामर्थ्यप्रद तथा विभिन्न लोगों द्वारा वांछित सोम से यज्ञ सम्पन्न करें। दूरस्थ दिशा से आ रही पत्थरों द्वारा सोमवल्ली कूटने की ध्वनि हम स्वयमेव

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

सुनते हैं। सत्कर्मरूपी यज्ञीय कार्यों को करने वाले मनुष्य जल तथा अन्नादि से भरे-पूरे रहते हैं। श्रद्धालु कर्म द्वारा याज्ञिय मनुष्य प्रचुर वैभवयुक्त गृहों से सुशेभित रहते हैं।

हंसा इव कृणुथ श्लोकमद्रिभिर्मदन्तो गीर्भिरध्वरे सुते सचा।
देवेभिर्विप्रा ऋषयो नृचक्षसो वि पिबध्वं कुशिकाः सौम्यं मधु।।

–ऋ. ३/५३/१०

अतीन्द्रिय क्षमता सम्पन्न मेधावान् मनुष्यों के संरक्षक हे कुशिको। आप सब हंसों के सदृश पंक्ति में बैठ कर स्तुतिमन्त्रों का उच्चारण करें, यज्ञ में पाषाण से सोमाभिषवण करें तथा सभी देवों के साथ सोमरस का पान करें।

सुयुग्भिरश्वैः सुवृता रथेन दस्त्राविमं श्रृणुतं श्लोकमद्रेः।
किमङ्गं वा प्रत्यवर्ति गमिष्ठाहुर्विप्रासो अश्विना पुराजाः।।

–ऋ. ३/५८/३

हे शत्रुनाशक अश्विनी कुमारों! सुन्दर चक्रो से युक्त, उत्तम अश्वों द्वारा योजित रथ पर सवार होकर यज्ञशाला में पधारें। सोम अभिषवणकर्ताओं के द्वारा गाये जाने वाले स्तोत्रों का श्रवण करें। पुरातनकाल से ही मेधावीगण आपकी पुष्टि के लिए सोम के साथ ऐसी स्तुतियाँ करते रहे हैं।

स्तुतिरूपा वाक् के अर्थ में **'श्लोक'** शब्द **ऋग्वेद** में निम्नलिखित स्थलों पर प्रयुक्त हुआ है–

मिमीह श्लोकमास्ये पर्जन्य इव ततनः।
गाय गायत्रमुक्थ्यम्।

–ऋ. १/३८/१४

हे याजको, आप अपने मुख से श्लोक रचना कर मेघ के समान इसे विस्तारित करें। गायत्री छन्द में रचे हुए काव्य का गायन करें।

यावित्था श्लोकया दिवो ज्योतिर्जनाय चक्रथुः।
आ न ऊर्जा वहतमश्विना युवम्।।

–ऋ. १/९२/१७

हे अश्विनी कुमारों! आप द्युलोक से प्रशंसा योग्य प्रकाश ले कर लोगों का हित करते हैं, ऐसे आप हमें अन्न से पुष्ट करें।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

अस्य श्लोको दिवीयते पृथिव्यामत्यो न यंसद्यक्षभृद्विचेताः।
मृगाणां न हेतयो यान्ति चेमा बृहस्पतेरहिमायाँ अभिद्यून्।।
–ऋ. १/१९०/४

इन बृहस्पति देव की कीर्ति द्युलोक और पृथिवी लोक में सर्वत्र व्याप्त है। शीघ्रगामी अश्व के समान ज्ञानियों के भरण–पोषण कर्ता, विशिष्ट ज्ञान सम्पन्न ये बृहस्पतिदेव सभी लोकों के सहयोग के लिए प्रयत्नशील रहते हैं। हरिणों के संहारक शस्त्रों के समान के ये शस्त्र दिन में छल करने वाले कपटी सुअरों का मारते हैं।

ऋतस्य हि शुरूधः सन्ति पूर्वीऋतस्य धीतिर्वृजिनानि हन्ति।
ऋतस्य श्लोको बधिरा ततर्द कर्णा बुधानः शुचमान आयोः।।
–ऋ. ४/२३/८

ऋत के पास अनेक शक्तियाँ हैं। ऋतदेव की प्रार्थना दुष्कर्मों को विनष्ट कर देती है। उनकी सद्बुद्धि प्रदान करने वाली प्रार्थनाएँ कान से बहरे मनुष्यों को भी लाभन्वित करती हैं।

वृषामद इन्द्रे श्लोक उक्था सचा सोमेषु सुतपा ऋजीषी।
अर्चत्र्यो मघवा नृभ्य उक्थैर्द्युक्षो राजा गिरामक्षितोतिः।।
–ऋ. ६/२४/१

सोमपान के पश्चात् हर्षित होने से इन्द्र देव का बल बढ़ता है। सोमपायी, धनवान् एवं तीव्रगामी इन्द्रदेव मनुष्यों द्वारा स्तुति–पूर्वक अर्चना करने योग्य हैं। ये द्युलोक निवासी स्तुतियों के स्वामी इन्द्रदेव सदैव (याजकों की) रक्षा करते हैं।

(२) इला

ऋग्वेद संहिता में इला शब्द का प्रयोग ५४ बार हुआ है। इला का अन्न की देवी माना गया है। सरस्वती, मही, भारती देवियों के साथ इला का नाम आता है।

इला सरस्वती मही तिस्रो देवीर्मयोभुवः! बर्हिः सीदन्त्वस्रिधः। –ऋ. १/१३/९

इला, सरस्वती और मही ये तीनों देवियाँ सुखकरी और क्षयरहित हैं। ये तीनों बिछे हुए दीप्तिमान् कुश के आसनों पर विराजमान हों।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

सरस्वती साधयन्ती धियं न इला देवी भारती विश्वपूर्तिः
तिस्रो देवीः स्वधया बर्हिरेदमच्छिद्र पान्तु शरणं निषद्य।।

–ऋ. २१/३/८

अनेक श्रेष्ठ गुणों से युक्त इला, भारती तथा सरस्वती ये तीनों देवियाँ हमारे यज्ञस्थल पर विद्यमान रह कर अपनी धारणा शक्ति के द्वारा हमारे यज्ञ का संरक्षण करें। अग्नि को इला का पुत्र माना गया है–

धी एवं स्तुतिरूपा वाक् के पर्याप्त के रूप में भी 'इला' शब्द का प्रयोग हुआ है–

जानन्ति वृष्णो अरूषस्य शेवमुत ब्रध्नस्य शासने रणन्ति।
दिवोरूचः सुरूचो रोचमाना इला येषां गण्या माहिना गौः।।

–ऋ. ३/७/५

उन बलशाली एवं अहिंसक अग्निदेव के आश्रय रूप सुख को लोग जानते हैं और उनके संरक्षण में आनन्दपूर्वक रहते हैं। जिस अग्निदेव के लिएं स्तोताओं की स्तुति रूप वाणी प्रवाहित होती है, वे अग्निदेव आकाश को दीप्तिमान् कर स्वयं भी उत्तम दीप्ति से सुशोभित होते है।

कृण्वतो बरिवो गवेऽभ्यर्षन्ति सुष्टुतिम्।
इलामस्मभ्यं संयतम्।।

–ऋ.९/६२/३

हमोर लिए एवं हमारी गौओं के लिए उत्तम धन तथा पौष्टिक अन्न के प्रदाता सोमदेव हमारी सुन्दर स्तुतियों को स्वीकार करते हैं।

(३) गौः–

ऋग्वेद में गौ शब्द का प्रयोग १९ बार हुआ है। इनमें से कुछ स्थलों पर इस शब्द के द्वारा वाक् अर्थ भी द्योतित होता है।

अयं स शिङ्क्तेयेन गौरभीवृता मिमाति मायुं ध्वसनावधिश्रिता।
सा चित्तिभिर्नि हिचकार मर्त्यं विद्युद्भवन्ती प्रति वव्रिमौहत।।

–ऋ. १/१६४/२९

वत्स गौ के चारों ओर बिना शब्द के अभिव्यक्ति करता है। गौ रंभाती हुई अपनी चेष्टाओं से मनुष्यों को लज्जित करती है। उज्ज्वल दूध उत्पन्न कर अपने भावों को प्रकाशित करती है।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

आ वो धियं यज्ञियां वर्त ऊतये देवा देवीं यजतां यज्ञियामिह।
सो नो दुहीयद्यवसेव गत्वी सहस्रधारा पयसा मही गौः।।

हे देवी! हम यज्ञ को धारण करने वाली बुद्धि को आपकी ओर प्रेरित करते हैं। यजनीय, तेजस्वी और सम्माननीय बुद्धि को आप यज्ञस्थल में प्रतिष्ठित करें। वह हमारी अभिलाषाओं की पूर्ति में उसी प्रकार सहायक हो, जिस प्रकार घास खा कर गौएँ सहस्रधाराओं से युक्त दूध देती हैं। कहीं-कहीं पर माध्यमिका वाक् अर्थ का भी द्योतन होता है।

गौरीर्मिमाय सलिलानि तक्षत्येकपदी द्विपदी सा चतुष्पदी।
अष्टापदी नवपदी बभूवुषी सहस्राक्षरा परमे व्योमन्।।

—ऋ. १/१६४/४१

गौ (वाणी) निश्चित ही शब्द करती हुई जलों (रसों) को हिलाती (तरंगित करती) है। वह गौ (वाणी) एक, दो, चार, आठ अथवा नौ पदों वाले छन्दों में विभाजित होती हुई सहस्र अक्षरों से युक्त हो कर व्यापक आकाश में संव्याप्त हो जाती है। अन्य स्थलों में इसका प्रयोग संज्ञा के रूप में हुआ है।

तया पयस्व धारया यया गाव इहागमन्।
जन्यास उप नो गृहम्।।

—ऋ. ९/४९/२

हे सोम देव! आप उन धाराओं को प्रकट करें, जिनसे अन्य गौएँ (वाणियाँ) हमें प्राप्त हों।

दिवक्षसो धेनवो वृष्णो अश्वा देवीरा तस्थौ मधुमद्वहन्ती।
ऋतस्य त्वा सदसि क्षेमयन्तं पर्येका चरति वर्तनिं गौः।।

—ऋ. ३/७/१

द्युलोक में संव्याप्त बलशाली अग्नि के अश्व (गतिशील किरणें) धेनु (पोषण करने वाली) भी हैं। वे अग्निदेव मधुर प्रवाहों में भी स्थिर रहते हैं। हे अग्निदेव! आप यज्ञगृह में रह कर अपनी ज्वालाओं को विस्तारित करते हैं। एक गौ (वाणी अथवा पृथ्वी) आपकी परिचर्या करती है।

अभित्यं गावः पयसा पयोवृधं सोमं श्रीणन्ति मतिभिः स्वर्विदम्।
धनञ्जयः पवते कृत्व्यो रसो विप्रः कविः काव्येना स्वर्चनाः।।

—ऋ. ९/८४/५

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

दूध के साथ मिल कर विस्तार पाने वाले उस सोम को गौएँ (वाणियाँ) ज्ञानवर्द्धक स्तुतियों के साथ अपने दूध में मिश्रित करती हैं। शत्रुओं के धन पर विजय प्राप्त करने वाला सोम स्तोत्रों के गायन से रस प्रदान करता है। यह कर्म-कौशल बढ़ाने वाला मेधावान् ज्ञानी सोम पौष्टिक अन्न से युक्त रस प्रदान करता है।

(४) गान्धर्वी

ऋग्वेद के भाष्यकार सायण ने गान्धर्वी शब्द को वाक् या पर्याय माना है। गान्धर्वी–वाङ्नाम् (**ऋ. १०/८०/६**, सायण भाष्य)

अग्नि विश ईळते मानुषीर्या अग्निं मनुषोनहुषो वि जाताः।
अग्निर्गान्धर्वी पथ्यामृतस्याग्नेर्गव्यूतिर्घृत आ निषत्ता।।

मनुष्यों में जन-साधारण भी अग्निदेव की अर्चना करते हैं। राजा नहुष के प्रजा जन अग्निदेव की अनेक तरह से प्रार्थना करते हैं। अग्निदेव यज्ञीयमार्ग के निमित्त कल्याणकारी वेदवाणी कर श्रवण करते हैं।

(५) गौरी

ऋग्वेद में गौरी शब्द का प्रयोग २ बार हुआ है। दोनों स्थलों पर इसका सम्बन्ध वाणी से ही है। आचार्य सायण ने इसका अर्थ माध्यमिका वाक् किया है।

गौरीर्मिमाय सलिलानि तक्षत्येकपदी द्विपदी सा चतुष्पदी।
अष्टापदी नवपदी बभूवुषी सहस्राक्षरा परमे व्योमन्।।

–ऋ. १/१६४/४१

जो (वाणी) निश्चय ही शब्द करती हुई जलों (रसों) को हिलाती (तरंगित) है। वह गौ (काव्यमय वाणी) एक, दो, चार, आठ अथवा नौ पदों वाले छन्दों में विभक्त होती हुई सहस्र अक्षरों से युक्त होकर व्यापक आकाश में संव्याप्त हो जाती है।

मदच्युत्क्षेति सादने सिन्धोरूर्मा विपश्चित्।
सोमो गौरी अधिश्रितः।।

–ऋ. ९/९२/३

हर्ष बढ़ाने वाला सोम यज्ञ-स्थल पर प्रतिष्ठित होता है। नदी की तरंगों के समान यह वाणी को तरंगित करता है।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

(६) मन्द्रा

ऋग्वेद में **'मन्द्रा'** शब्द १२ बार प्रयुक्त हुआ है। कुछ स्थलों पर गौरी के विशेषण के रूप में इसका प्रयोग हुआ है।

इन्द्र यस्ते नवीयसीं गिरं मन्द्रामजीजनत्।
चिकित्विन्मनसं धियं प्रत्नामृतस्य विप्युषीम्।।

–ऋ.८/९५/५

हे इन्द्रदेव! जो भी साधक नवीन आनन्दमयी स्तुतियों से आपका स्तवन करते हैं, उन्हें आप सनातन यज्ञ से वृद्धि को प्राप्त हुई तथा मन को पवित्र करने वाली बुद्धि प्रदान करें।

मन्द्रा कृणुध्वं धियं आ तदुध्वं नावमरित्रपरणीं कृणुध्वम्।
इष्कृणुध्वंमायु धारं कृणुध्वं.प्राञ्चं यज्ञं प्रणयता सखायः।।

–ऋ. १०/१०१/२

हे मित्रो (ऋत्विजों)! आप आनन्ददायी स्तोत्रों का उच्चारण करें। श्रेष्ठ कर्मों को विस्तृत करें। हलदण्ड रूपी नौका ही पार उतारने वाली है, उसकी रचना करें। अनेक अस्त्र-शस्त्रों को भली प्रकार से प्रचुर मात्रा में निर्मित करें। इस प्रकार आप सत्कर्म रूपी यज्ञ का अनुष्ठान सम्पन्न करें।

(७) मन्द्राजनी

सम्पूर्ण **ऋग्वेद** संहिता में इस शब्द का प्रयोग केवल एक बार हुआ है। वहाँ पर यह **'वाक्'** अर्थ का द्योतन करता है।

उपोमतिः पृच्यते सिच्यते मधु मन्द्राजनी चोदते अन्तरासनि।
पवमानः सन्तनिः प्रघ्नतामिव मधुमान्द्रप्सः परिवारमर्षति।।

–ऋ. ९/६९/२

मधुर एवं आनन्ददायी सोमरस स्तुत्य इन्द्रदेव को प्रदान किया जाता है। यजमानों द्वारा निकाला गया यह मधुर सोमरस शत्रु पर आघात करने वाले वाणों के समान बार-बार परिष्कृत किया जाता है।

(८) वाशीः

विभिन्न अर्थों में **'वाशीः'** का प्रयोग **ऋग्वेद** में १० बार हुआ है। कुछ स्थानों पर वाक् के पर्याप्त के रूप में भी इसका प्रयोग मिलता है।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

स हि क्षेमो हविर्यज्ञः श्रुष्टीदस्य गातुरेति।
अग्निं देवा वाशीमन्तम्।।

–ऋ. १०/२०/६

अग्निदेव ही हव्य तथा आहुतियाँ ग्रहण कर के कल्याणकारी यज्ञ को सम्पन्न करने वाले हैं। आप ही देवताओं के आवाहनकर्ता हैं। देवशक्तियाँ उन्हीं प्रशंसनीय अग्निदेव के साथ यज्ञ में आगमन करती हैं।

सायण ने यहाँ पर वाशीः को वाक् का पर्याय माना है। **स्तुतिलक्षणया वाचोपेतम्।**

–सा॰ भा॰ १०/२०/६

श्रिये क वो अधि तनूषु वाशीर्मेधावना न कृण्वन्त उर्ध्वा।
युष्मभ्यं कं मरूतः सुजातास्तुविद्युम्नासो धनयन्ते अद्रिम्।।

–ऋ. १/८८/३

हे मरूद्गण! आप अपने शरीरों को आयुधों से सुशोभित करते हैं। वनों में वृक्षों के बढ़ने के समान उपासक अपनी बुद्धि को उत्तम बनाते हैं। हे भली प्रकार उत्पन्न मरूद्गणों! अति उत्साह से युक्त यजमान आपको हर्षित करने के लिए कूटने के पाषाणों से ध्वनि करते हैं।

यहाँ वाशीः के सम्बन्ध में सायण ने लिखा है–

शत्रूणां भयोत्पादनेनाक्रोश शब्दकरणं वाशः।

(९) वाणी

सम्पूर्ण ऋग्वेद में वाणी शब्द का प्रयोग ३ बार हुआ है। उनमें से २ स्थलों पर इसका प्रयोग स्तुति अर्थ में हुआ है।

युवं श्रीभिर्दर्शताभिराभिः शुभे पुष्टिमूहशुः सूर्यायाः।
प्र वां वयो वपुषेऽनुपप्तन्नक्षद्वाणी सुष्टुता धिष्ण्या वाम्।।

–ऋ. ६/६३/६

हे अश्विनी कुमारो! आप दोनों सूर्या (उषा) की शोभा के लिए पुष्ट हों। आप अपनी एवं उनकी शोभा एवं कल्याण के लिए रथ पर पुष्टिकारक अन्न रखते हैं। आप तक हमारी उत्तम स्तुतियाँ पहुँचे।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

तं त्वा मरूत्वती परि भुवद्वाणी सयावरी।
नक्षमाणा सह द्युभिः।।

–ऋ. ७/३१/८

हे इन्द्रदेव! साथ जाने वाली, तेजस् सहित विस्तीर्ण होने वाली, वीरों द्वारा की गयी स्तुतियाँ आप तक पहुँचे।

एक स्थल पर ऋत्विक् सम्बन्धिनी वाक् के अर्थ में वाणी शब्द का प्रयोग हुआ है।

एषास्या वो मरूतोऽनुभर्त्री ष्टोभति वाघतो न वाणी।
अस्तो भयद्वृथासामनु स्वधां गभस्त्योः।।

–ऋ. १/८८/६

हे मरुतो! आपके बाहुओं की धारक शक्ति का यशोगान करने वाली ऋषियों की वाणी क़ा अनुकरण कर हम आपकी स्तुति करते हैं। यह स्तुति हमारे द्वारा पूर्व की भाँति सहज स्वभाव से ही की जा रही है।

(१०) वाणीची

सम्पूर्ण। **ऋग्वेद** संहिता में वाणीची शब्द का प्रयोग केवल एक बार हुआ है। इसके द्वारा वाक् से सम्बन्धित अर्थ का द्योतन होता है।

सृष्टु भो वां वृषणवसू रथे वाणीच्याहिता।
उत वां ककुहो मृगः वृक्षः कृणोति वापुषो माध्वी मम श्रुतं हवम्।।
– ऋ. ५/७५/४

हे धनवर्षक अश्विनी कुमारों! हम स्तोता जन आप दोनों की उत्तम स्तुति करते हैं। अपनी वाणी को आपके रथ में स्थापित किया है। आपका महान् अन्वेषक (साधक-याजक) आपके निमित्त हविष्यान्न तैयार करता है। हे मधुविद्याविद् देवो! आप हमारे आवाहन को सुनें।

(११) धमनिः–

ऋग्वेद में धमनिः शब्द केवल एक बार ही प्रयुक्त हुआ है।

नि पर्वतः साद्यप्रयुच्छन्त्सं मातृभिर्वावशानो अक्रान्।
दूरे पारे वाणीं वर्धयन्त इन्द्रेषितां धमनिं पप्रथन्नि।।

–ऋ. २/११/८

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

जलयुक्त अप्रमादी मेघ आकाश में गर्जना करते हुए विचरण कर रह थे, तब स्तोताओं की वाणी रूपी स्तुतियों से इन्द्रदेव की प्रेरणा प्राप्त कर मेघ बहुत दूर-दूर तक निरन्तर विस्तृत हुए।

आचार्य सायण ने **'धमनिं'** शब्द के विषय में लिखा है– **शब्दं कुर्वाणं ताम् वाचे।**

(१२) सरस्वती

ऋग्वेद में सरस्वती शब्द का प्रयोग ३९ बार हुआ है। 'धी को प्रचेतन करने वाली' के रूप में इसका प्रयोग **ऋग्वेद** के प्रथम मण्डल के तीसरे सूक्त में मिलता है।

महो अर्णः सरस्वती प्रचेतयति केतुना।
धियो विश्व वि राजति।।

–ऋ. १/३/१२

जो सरस्वती नदी रूप के प्रभूत जल को प्रवाहित करती हैं। धी का प्रचेतन करने वाली वह सरस्वती सभी याजकों की प्रज्ञा को प्रखर बनाती हैं।

दूसरे स्थलों पर देवी, नदी आदि रूपों में इसका प्रयोग हुआ है। वैदिक साहित्य में वाग्देवी के रूप में सरस्वती बहुत अधिक प्रतिष्ठित नहीं है, बल्कि धी की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित हैं।

(१३) निवित्

निवित् शब्द का प्रयोग **ऋग्वेद** में ७ बार हुआ है। कहीं–कहीं यह मन्त्र अर्थ का वाचक है–

जुषेथां यज्ञंबोधतं हवस्य मे सत्तो होता निविदः पूर्व्या अनु।
अच्छा राजाना नाम एत्यावृतं प्रशास्त्रादा पिबतं सौम्यं मधु।।

–ऋ. २/३६/६

हे मित्रवरूण! आप हमारे यज्ञ में आएँ। होता गण उत्तम स्तोत्रो (मन्त्रों) द्वारा स्तुति करते हैं। अतः हमारे आवाहन को सुन कर यज्ञ में बैठ कर सुशोभित हो। हे देवो! याजकों द्वारा शोधित यह सोमरस दुग्ध मिश्रित है, अतः हमारे इस यज्ञ में आकर इस सोमरस का पान करें।

कहीं-कहीं यह शब्द स्तुति का भी वाचक है–

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

स पूर्वया निविदा कव्यतायोरिमाः प्रजा अजनयन्मनूनाम्।
विवस्वता चक्षसा द्यामपश्च देवा अग्निं धारयन्द्रविणोदाम्।।

–ऋ. १/९६/२

उन अग्निदेव ने मनोयोगपूर्वक की गई प्राचीन स्तुति काव्यों से सन्तुष्ट हो कर मनु की सन्तानों (प्रजाओं) को उत्पन्न किया। अपने तेजस्वी प्रकाश से सूर्य रूप में आकाश को और विद्युत रूप में अंतरिक्ष के जलों को व्याप्त किया। देवों ने धनप्रदाता अग्निदेव को दूत रूप में धारण किया।

तान्पूर्वया निविदा हूमहे वयं भगंमित्रमदितिं दक्षमस्त्रिधम्।
अर्यमणं वरूणं सोममश्विना सरस्वती नः सुभगा मयस्करत्।।
–ऋ. १/८९/३

हम उन देवगणों भग, मित्र अदिति, दक्ष, मरूद्गणों, अर्यमा, वरूण, सोम, अविश्नीकुमार और सौभग्यशालिनी सरस्वती को प्राचीन स्तुतियों द्वारा आवाहित करते हैं। वे हमें सुख देने वाले हों।

आचार्य सायण ने अपने भाष्य में स्पष्ट किया है–**निविदा वेदात्मिकया वाचा। निविदिति वाङ्नाम।** (सायण भाष्य)।

(१४) स्वाहा

ऋग्वेद में स्वाहा शब्द का प्रयोग १७ बार हुआ है। वाक् के पर्याय के रूप में स्वाहा शब्द केवल २ बार प्रयुक्त हुआ है–

पूषण्वते मरूत्वते विश्वदेवाय वायवे।
स्वाहा गायत्रवेपसे हव्यमिन्द्राय कर्तन।।

–ऋ. १/१४२/१२

हम पूषा और मरूद्गणों से युक्त सर्वदेव समूह के लिए तथा गायत्री साधकों के संरक्षक इन्द्रदेव के लिए श्रेष्ठ वाणी के द्वारा हव्य समर्पित करें।

(१५) वग्नुः

'वग्नु' शब्द **ऋग्वेद** में ९ बार आया है। यह शब्द अनेक स्थलों पर वाणी के वाचक क़े रूप में प्रयुक्त हुआ है।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

दिव्या आपो अभि यदेनमायन्दृतिं न शुष्कं सरसी शयानम्।
गवामह न मायुर्वत्सिनीनां मण्डूकानां वग्नुरत्रा समेति।।

–ऋ. ७/१०३/२

सूखे सरोवर में, सूखे चमड़े के समान सुप्त मेढ़कों के पास जैसे ही अंतरिक्ष का जल पहुँचता है, वैसे ही सवत्सा धेनु की तरह वे कल-कल शब्द करने लगते हैं।

अति श्रिती तिरश्चता गव्या जिगात्यण्व्या।
वग्नुमियर्ति यं विदे।।

–ऋ. ९/१४/६

(शोधित होते समय) सोमरस अँगुलियों से दबाने पर इधर-उधर से गौ के दूध में मिश्रित होने के लिए नीचे गिरता है। पात्र में गिरते हुए शब्द करता है।

वृषा शोणो अभिकनिक्रदद्गा नदयन्नेति पृथिवीमुतद्याम्।
इन्द्रस्येव वग्नुरा श्रृण्व आजौ प्रचेतयन्नर्षति वाचमेमाम्।

–ऋ. ९/९७/१३

निरन्तर गतिशील सुखों की वर्षा करने वाले हे दिव्य सोमदेव! आप द्युलोक से पृथिवी तक किरणों के बीच मेघ-जैसी गर्जना-प्रतिध्वनियाँ उत्पन्न करते हुए संव्याप्त हैं। इम इन्द्रदेव की तरह आपके निदेश (वाणी) को सुनते हैं। आप भी अपनी उपस्थिति का बोध कराते हुए हमारी स्तुतियों को स्वीकार करते हैं।

वीन्द्र यासि दिव्यानि रोचना वि पार्थिवानि रजसा पुरूष्टुत।
ये त्वा वहन्ति मुहुरहध्वराँ उप ते सुवन्वन्तु वग्वनाँ अराधसः।।

–ऋ. १०/३२/२

हे इन्द्रदेव! आप दिव्य एवं दीप्तिमान् धामों में घूमते रहते हैं। हे बहुसंख्यकों द्वारा पूजित इन्द्रदेव! आप पृथिवी के श्रेष्ठ स्थानों में वास करते हैं। आप के जो अश्व बार-बार हमारे यज्ञीय कार्यों में आपको यहाँ ले कर आते हैं। वे हम स्तोताओं को ऐश्वर्य सम्पन्न बनाएँ।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

तदिन्मे छन्त्सद्वपुसो वपुष्टरं पुत्रो यज्जानं पित्रोरधीयति।
जाया पतिं वहति वग्नुना सुमत्पुंस इद्भद्रो वहतुः परिष्कृतः।।

–ऋ. १०/३२/३

जिस प्रकार पुत्र माता-पिता के धन को ग्रहण करते हैं, वैसे ही इन्द्रदेव भी अद्भुत धन को उत्कृष्ट यज्ञीय कर्मों द्वारा हमें उपलब्ध कराएँ। जैसे कल्याणकारी मधुर वाणी से स्त्री पति को अपना स्नेहपात्र बनाती है और श्रेष्ठ सुसंस्कृत पुरूष भी स्त्री को धर्मपत्नी के रूप में स्वीकार कर साथ-साथ रहते हैं, वैसे ही इन्द्रदेव शोधित सोमरस को पी कर हमारे स्नेहपात्र बने अथवा हमें अपना स्नेहपात्र बनायें।

सायण ने वग्नुः का अर्थ **'वग्वनुं शब्दे'** किया है। शब्द का सम्बन्ध वाणी से ही होने के कारण इसे वाक् का पर्याप्त माना गया **(ऋ. ९/३/५ सायण भाष्य)**

एष देवो रथर्यति पवमानो दशस्यति।
आविष्कृणोति वग्वनुम्।।

–ऋ. ९/३/५

ये शोधित दिव्य सोमदेव ध्वनि करते हुए यज्ञस्थल में जाने हेतु उपयुक्त माध्यम की कामना करते हैं। वे याजकों को इष्ट पदार्थ प्रदान करने की इच्छा रखते हैं। एकं स्थल पर वग्नु का अर्थ स्तुतिकारिणी किया गया है।

अस्य यामासो बृहतो न वग्नूनिन्धाना अग्नेः सख्युः शिवस्य।
ईड्यस्य वृष्णो वृहतः स्वासो भामासो यामन्नक्तवश्विकित्रे।।

–ऋ. १०/३/४

अग्निदेव की प्रज्ज्वलित हो कर गमन करने वाली ज्वाला रूपी किरणें स्तुतिकारकों के लिए हानि रहित होती हैं। ये स्तोत्रों को प्राप्त, सौख्यप्रद, कल्याणकारिणी किरणें श्रेष्ठ, दर्शनीय तथा अन्धकार को दूर करने वाली हैं। वे शक्तिवर्धक तथा देदीप्यमान किरणें यज्ञस्थल में अग्नि क प्रकाश को फैलाती हैं।

(१६) उपब्दिः

उपब्धिः शब्द का प्रयोग **ऋग्वेद संहिता** ४ बार हुआ है। २ स्थानों पर **उपब्दिः** शब्द वाक् अर्थ का वाचक है–

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

प्रति घोराणमेतानामयासां मरूतां शृण्व आयतामुपब्दिः।
ये मर्त्य पृतनायन्तमूमैर्ऋणावानं न पतयन्त सर्गैः।।

–ऋ. १/१६९/७

जिस प्रकार ऋणी मनुष्य को अपराधी मान कर दण्डित किया जाता है, उसी प्रकार इन्द्रदेव के सहयोगी मरूद्गण भी युद्धाकांक्षी असुरों को शस्त्र के प्रहार से जकड़ कर ज़मीन पर पटक देते हैं, तब भयंकर, शीघ्र गमनशील आक्रमणकारी और शत्रुओं को घेरने वाले इन मरूतों का शब्दनाद सुनाई देता है।

आचार्य सायण ने उपब्दिः शब्द का अर्थ स्पष्ट करते हुए लिखा–**'उपब्दिर्वाक् गुर्वापि समीपे गम्यते, रण्यते, उपपद्यते इति वा।'**

अग्निर्नयोवनं आ सृज्यमानो वृथा पाजांसि कृणुते नदीषु।
जनो न युध्वा महत उपब्दिरियर्ति सोमः पवमान ऊर्मिम्।।

–ऋ. ९/८८/५

सायण ने उपब्दिः शब्द को स्पष्ट करते हुए लिखा है–**'उपब्दिः वाङ्नाम।'** अर्थात् उपब्दिः का अर्थ वाक् है।

(१७) मायुः

सम्भवतः यह शब्द वैदिक साहित्य में पशुओं की वाणी के लिए प्रयुक्त होता था। क्योंकि **ऋग्वेद** में विभिन्न प्रसंगों में गो, अज और मेढक के साथ इसकी अन्विति मिलती है। मेढक के सन्दर्भ में ही इसे **गोमायुरेकः अजमायुरेकः** कहा गया है।

गोमायुरेको अजमायुरेकः पृश्निरेको हरित एव एषाम्।
समानं नाम बिभ्रतो विरूपाः पुरूत्रा वाचं पिपिशुर्वदन्तः।।

–ऋ. ७/१०३/६

एक मेढक गौ जैसा बोलता है, दूसरा बकरा जैसा बोलता है। एक भूरे रंग का है, दूसरा हरितवर्ण का है। इस प्रकार अनेक रूपों वाले मेढक एक ही नाम से जाने जाते हैं तथा विभिन्न प्रकार के शब्द अनेक स्थानों में करते हुए दिखाई देते हैं।

दिव्या आपो अभि यदेनमायन्दृतिं न शुष्कं सरसी शयानम्।
गवामह न मायुर्वत्सिनीनां मण्डूकानां वग्नुरत्रा समेति।।

–ऋ. ७/१०३/२

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

सूखे सरोवर में, सूखे चमड़े के समान सुप्त मेढकों के पास जैसे ही अंतरिक्ष का जल पहुँचता है, वैसे ही सवत्सा धेनु की तरह वे कल-कल शब्द करने लगते हैं।

गोमायुरदादजमायुरदात्पृश्निरदाद्धरितो नो वसूनि।
गवां मण्डूकाः ददतः शतानि सहस्रसावे प्रतिरन्त आयुः।।

–ऋ. ७/१०३/१०

गौ और बकरे के समान ध्वनि करने वाले मेढक हमें धन दें। हजारों औषधियों की वृद्धि करने वाले वर्षा ऋतु में सैकड़ों गौएँ देने वाले ये मेढक हमारी आयु को बढ़ाते हैं।

(१८) काकुत्

पूरे **ऋग्वेद** में काकुत् शब्द का प्रयोग केवल एक ही बार हुआ है–

या ते काकुत्सुकृता या वरिष्ठा यथा शश्वत्पिबसि मध्व उर्मिम्।
तया पाहि प्रते अध्वर्युरस्थत्सं तेवज्रो वर्ततामिन्द्र गव्युः।।

–ऋ. ६/४१/२

हे इन्द्रदेव! आप उत्तम जिह्वा से मधुर रस की तरंगों को सदैव ग्रहण करते हैं। उसी से इस सोमरस का पान कर हमारी रक्षा करें। अध्वर्यु आपके निकट उपस्थित हो रहे हैं। गौओं के रक्षक हे इन्द्रदेव! आप वज्र से शत्रु का संहार करें।

यहाँ पर काकुत् का अर्थ जिह्वा है। वाक् की उत्पत्ति का साधन जिह्वा ही मानी जाती है, इसीलिए इसे वाक् का पर्याय मान लिया गया।

(१९) जिह्वा

जिह्वा शब्द का प्रयोग **ऋग्वेद** में २१ बार हुआ है, किन्तु उनमें से केवल एक स्थान पर ही यह स्तुतिरूपा वाक् के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है–

पितुः प्रत्नस्य जन्मना वदामसि सोमस्य जिह्वाप्रजिगाति चक्षसा।
यदीमिन्द्रं शम्यृक्वाण आशतादिन्नामानि यज्ञियानि दधिरे।।

–ऋ. १/८७/५

मरूद्गणों के जन्म की कथा हमारे पूर्वज कहते हैं, सोम को देख कर हमारी वाणी उन मरूद्गणों की स्तुतियाँ करती है। जब ये मरूद्गण संग्राम में इन्द्र के सहायक हुए, तो याज्ञिकों, ने उन्हें प्रशंसनीय नामों से विभूषित किया।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

अन्य स्थलों पर अंग रूप में इस शब्द का प्रयोग हुआ है। सम्भवतः वाणी के साधनभूत रूप में प्रयुक्त होने के कारण लक्षणया इसे वाक् का वाचक मान लिया गया।

(२०) घोषः

घोषः शब्द ऋग्वेद में कुल ७ बार प्रयुक्त हुआ है, किन्तु अर्थ में केवल ४ बार ही इसका प्रयोग मिलता है–

सम्पश्यमाना अमदन्नभि स्वं पयः प्रत्नस्य रेतसो दुघानाः।
वि रोदसी अतपद्घोष एषां जाते निष्ठायदधुर्गीषु वीरान्।।

–ऋ. ३/३१/१०

अंगिरा ऋषि अपनी गौओं को सम्मुख देख कर पूर्व की तरह उनसे वीर्यवर्द्धक दूध दुहते हए हर्षित थे। उनका हर्षयुक्त उद्घोष आकाश और पृथ्वी में व्याप्त हुआ। उन्होंने गौओं की उत्पत्ति को भी निष्ठापूर्वक धारण किया और गौओं की रक्षा के लिए वीर पुरूषों को नियुक्त किया।

अयामि घोष इन्द्र देवजामिरिरज्यन्त यच्छुरूधो विवाचि।
नहि स्वमायुश्चिकिते जनेषु तानीदंहांस्यति पर्ष्यसमान्।।

–ऋ. ७/२३/२

उस समय शोक को रोकने वाली औषधियाँ बढ़ती हैं, जिस समय देवों की स्तुतियाँ की जाती हैं। हे इन्द्रदेव! मनुष्यों में अपनी आयु को जानने वाला कोई नहीं है। आप हमें सारे पापों से पार ले जाएँ।

प्र मा युयुज्रे पयुजो जनानां वहामि स्म पूषणमन्तरेण।
विश्वे देवासो अध मामरक्षन्दुः शासुरागादिति घोष आसीत्।।

–ऋ. १०/३३/१

प्रजाओं को प्रेरित करने वाले (देव) ने मुझे (कुरूश्रवण) के साथ इस प्रयोजन में नियोजित किया है। मैंने अन्तःकरण में पूषा-देव को धारण किया। इसके बाद सभी देवों ने मेरी (कवष की) रक्षा की। तब यह वाणी सुनी गई कि अदम्य आवरण प्राप्त हुआ।

वातस्य तु महिमानं रथस्त रूजन्नेति स्तनयन्नस्य घोषः।
दिविस्पृग्यात्यरूणानि कृण्वन्नुतरे एति रेणुमस्यन्।।

–ऋ. १०/१६८/१

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

तीव्र वेग से प्रवाहित वायुदेव की महिमा का हम गुणगान करते हैं। वे विविध प्रकार की ध्वनि उत्पन्न करते हुए और वृक्ष वनस्पतियों को छिन्न-छिन्न करते हुए चलते हैं। वे आकाश को व्याप्त करते हुए और चारों ओर रक्तवर्ण उत्पन्न करते हुए गमन करते हैं तथा पृथ्वी के धूलिकणों को इधर-उधर फैला देते हैं।

सायण ने हर्ष से उत्पन्न होने वाली ध्वनि को घोष की संज्ञा प्रदान की हैं– **हर्षादुत्पन्नो महाध्वनिः घोष शब्दः।**

(२१) स्वरः

ऋग्वेद में स्वरः शब्द का प्रयोग ३ बार हुआ है, जिनमें दो स्थलों पर यह वाणी का पर्याय प्रतीत होता है। वे दोनों स्थल इस प्रकार हैं–

एहि स्तोयाँ अभि स्वराभि गृणीहया रूवः।
ब्रह्मा च नो वसो सचेन्द्र यज्ञं च वर्धयः।।

–ऋ. १/१०/४

हे सर्वनिवासक इन्द्र देव! हमारी स्तुतियों का श्रवण कर आप उद्गाताओं, होताओं एवं अध्वर्युओं को प्रशंसा से प्रोत्साहित करें।

आचार्य सायण ने स्वर की व्याख्या इस प्रकार की है–

अभिलक्ष्य प्रशंसारूपं शब्दं कुरू।

ज्यायांसमस्य यतुनस्य केतुन ऋषिस्वरं चरति यासु नामते।
यादृशिमन्धयि तमपस्यया विदद्यः स्वयं बहते सो अरं करत।।

–ऋ. ५/४४/८

श्रेष्ठ यज्ञसम्पादक हे अग्निदेव! ऋषियों की स्तुतिपरक वाणी आपके निकट ही गमन करती है। इन स्तुतियों से आपका नाम (यश) संबर्द्धित होता है। वे ऋषिगण जिसकी कामना करते हैं, उसे अपने पराक्रम से प्राप्त कर लेते हैं। जिस कार्य-भार को स्वयं वहन करते हैं, उसे सिद्ध भी कर लेते हैं। इन दोनों अर्थों से प्रतीत होता है कि स्वर का प्रयोग शब्द स्फोट से सम्बन्धित है। शब्द–स्फोट का वाक् से सम्बन्ध होने के कारण इसे वाक् का पर्याय मान लिया गया।

(२२) स्वनः

स्वनः शब्द **ऋग्वेद** में ६ बार प्रयुक्त होता है। सायण ने एक स्थान पर इस का अर्थ वेगजनितः शब्दः कहा–

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

स्वनो न वोऽमवान्रेजय द्वृपा त्वेपो ययिस्तविप एवया मरूत्।
यदायुक्त त्मना स्वादधि ष्णुभिर्विष्पर्धसो विमहसो जिगाति शेवृधे नृभिः।।

—ऋ. ५/८७/५

हे मरूद्गणों! आपका वह बल-सम्पन्न जल-वर्षक, तेजस्वी, गमनशील, प्रभावकारी शब्द से आप शत्रुओं को पराभूत कर, वश में कर लेते हैं। हे मरूतो! आप स्वयं दीप्तिमान्, स्थिर रश्मियों वाले, स्वर्णमय अलङ्कृत, उत्तम आयुधों से सज्जित और अन्य-प्रदाता हैं।

एक अन्य स्थल पर आचार्य सायण ने स्वनः का अर्थ ध्वनि कहा है–

उत्ते शुष्मात ईरते सिन्धेरूर्मेरिव स्वनः।
वाणस्य चोदया पविम्।।

—ऋ. ९/५०/१

हे सोमदेव! आपके प्रवाहित होने से समुद्र की तरंगों जैसी ध्वनियाँ होती हैं। आप वाणी से उत्पन्न शब्दों की तरह ध्वनि को प्रेरित करें।

(२३) ऋक्

ऋक् का प्रयोग **ऋग्वेद** में कुल ७ बार हुआ है, किन्तु केवल एक स्थल पर यह वाक् अर्थ का वाचक है–

एन्द्रो बर्हिः सीदतु पिन्वतामिळा बृहस्पतिः सामभिर्ऋकवो अर्चतु।
सुप्रकेतं जीवसे मन्स धीमहि तद्देवानामवो अद्या वृणीमहे।।

—ऋ. १०/३६/५

इन्द्रदेव हमारे यज्ञ में आ कर आसन ग्रहण करें। वाणी और पृथ्वी हमें श्रेष्ठ फलदायिनी हों। सामगान से प्रशंसायुक्त बृहस्पतिदेव उनकी स्तुति करें। हम जीवनोपयोगी, श्रेष्ठ अभिलाषाओं को पूर्ण करने वाले धन उपलब्ध करें। हम देवशक्तियों से भली प्रकार संरक्षण की प्रार्थना करते हैं।

(२४) होत्रा

होत्रा शब्द का प्रयोग **ऋग्वेद** में ७ बार हुआ है। आचार्य सायण ने इसका अर्थ स्पष्ट करते हुए लिखा है– **ह्यन्तेङ्स्याम् हवींषि इति यद्वा हूयते तत्र प्राणः इति होत्रा वाक्। होत्रावाक्** का प्रयोग अनेक सीलों पर मिलता है। होत्रा शब्द के प्रयोग के कुछ उदाहरण द्रष्टव्य हैं–

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

अस्मे तदिन्द्रावरूणा वसु प्यादस्मे रयिर्मरुतः सर्ववीरः।
अस्मान्वरूत्री शरणैरवन्त्वस्मान्होत्रा भारती दक्षिणभिः।।

–ऋ. ३/६२/३

हे इन्द्र और वरूणदेवों! हमें वांछित धन की प्राप्ति हो। हे मरुद्गण! आप हमें सर्वसमर्थ वीरपुत्रों से युक्त ऐश्वर्य प्रदान करें। सबके द्वारा वरण किये जाने योग्य देवशक्तियाँ शरण देकर हम लोगों को संरक्षण प्रदान करें। होत्रा और भारती सद्भावपूर्ण वाणी द्वारा हमारा पालन-पोषण करें।

यस्य त्वमग्ने अध्वरं जुजोषो देवो मर्तस्य सुधितं रराणः।
प्रीतेदसद्धोत्रा सा यविष्ठासाम यस्य विधतो वृधासः।।

–ऋ. ४/२/१०

हे तरूण अग्निदेव! आप हर्ष एवं आलोक से सम्पन्न हैं। आप जिस व्यक्ति के लोक-कल्याणकारी भावनाओं से सम्पन्न यज्ञ भाग का ग्रहण करते हैं, वे याज्ञिक निश्चित रूप से हर्षित होते हैं। याज्ञिक सत्कर्मो से सम्पन्न करने वाले श्रेष्ठ याज्ञिकों का हम अनुसरण करें।

विपा होत्रा विश्वमश्नोति वार्यं बृहस्पतिररमतिः पनीयसी।
ग्रावा यत्र मधुपुदुच्यते बृहदवीवशन्त मतिभिर्मनीपिणः।।

जो वाणी सभी को बुलाने का माध्यम है, वह सभी श्रेष्ठ ऐश्वर्यों को संव्याप्त करती है, जो महान् गुणों की पालक, स्तुतियुक्त हो कर देवों के निमित्त स्तोत्र प्रकट करती है, जहाँ सोम का अभिषवण करने वाली शिला भी सुशोभित होती है, ऐसे स्तवनीय यज्ञ में स्तोता लोग अपनी प्रार्थनाओं से देवताओं को यज्ञोन्मुख बनाते हैं।

आदृध्नोति हविष्कृतिं प्राञ्चं कृणोत्यध्वरम्।
होत्रा देवेषु गच्छति।।

–ऋ. १/१८/८

वे सद्सम्पत्ति देव हविष्यान्न तैयार करने वाले साधकों तथा यज्ञ को प्रवृद्ध करते हैं और वे ही हमारी स्तुतियों को देवों तक पहुँचाते हैं।

का राधद्धोत्राश्विना वां को वां जोप उभयोः।
कथा विधात्यप्रचेताः।।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

का राधद्धोत्राश्विना वां को वां जोप उभयोः।
कथा विधात्यप्रचेताः।।

–ऋ. १/१२०/१

हे अश्विनीकुमारो! आप दोनों को किस प्रकार की स्तुति प्रिय है, जिससे आप प्रसन्न होते है? आपको सन्तुष्ट करने में कौन सक्षम हो सकता है? अल्पज्ञ मनुष्य आपकी उपासना कैसे करें? ब्राह्मण ग्रन्थों में **होत्रा इति वाङ्नाम** जैसे उद्धरण प्राप्त होते हैं। ये उद्धरण ही सायण भाष्य के आधार पर प्रतीत होते हैं।

(२५) गीः

ऋग्वेद में गीः शब्द २४ बार प्रयुक्त हुआ है। स्तुतिरूपा वाक् अर्थ में इस शब्द का प्रयोग निम्नलिखित स्थलों पर द्रष्टव्य हैं–

कथा दाशेमाग्नये कास्मै देवजुष्टोच्यते भागिने गीः।
यो मर्त्येष्वमृत ऋतावा होता यजिष्ठ इत्कृणोति देवान्।।

–ऋ. १/१२०/१

इस अग्निदेव के लिए हम किस प्रकार हवि दें। इन्हें कौन-सी देव-प्रिय स्तुति से प्रकाशित करें। जो मनुष्यों के बीच रह कर देवों को हविष्यान्न पहुँचाते हैं, ऐसे थे अग्निदेव अविनाशी, पूज्य, यज्ञकर्म सम्पादक और रूप होता हैं।

मध्वः सोमस्याश्विना मदाय प्रत्नो होता विवासते वाम्।
बर्हिष्मती रातिर्विश्रिता गीरिषा यातं नासत्योप वाजैः।।

–ऋ.१/११७/१

हे सत्ययुक्त अश्विनीकुमारों! प्राचीन काल से आपकी सम्पूर्ण सेवा करने वाले आपके साधक, मधुर सोमरस क आनन्द को आपके लिए लाये हैं। हमारी स्तुतियाँ आप तक पहुँच गई हैं। इस कुशासन पर आपके लिए सोमपात्र भर कर रखा है, अतः आप दोनों अपनी अन्न-युक्त शक्तियों के साथ हमारे पास आयें और हमारा सहयोग करें।

(२६) मही

'मही' शब्द का प्रयोग **ऋग्वेद** में ३६ बार हुआ है। कहीं-कहीं यह शब्द 'प्रश्चिकावाक्' का द्योतन करता है और कहीं-कहीं यह पृथ्वी अर्थ का वाचक है। कहीं-कहीं विशेषण के रूप में भी इसका प्रयोग किया गया है। **'सूनृता मही'** का प्रयोग वाक् अर्थ में हुआ है–

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

एवा ह्यस्य सूनृता विरप्शी गोमती मही।
पक्वा शाखा न दाशुषे।।

–ऋ.९/८/८

इन्द्रदेव की अतिमधुर एवं सत्य वाणी उसी प्रकार सुख देती है, जिस प्रकार गोधन के दाता और पके फल वाली शाखाओं से युक्त वृक्ष यजमानों (हविदाता) को सुख देते हैं। इस प्रकार वाक् अर्थ का द्योतन होने के कारण मही को वाक् का पर्याय मान लिया गया।

(२७) गाथा

'गाथा' शब्द का विविध अर्थों में **ऋग्वेद** में ४ बार प्रयोग हुआ है। आचार्य सायण ने एक स्थान पर **परिवाङ्** नाम लिखा है। –ऋ. ८/७१/१४ सा. भा.

अग्निमीळ्हिष्वावसे गाथाभिः शीरशोचिषम्।
अग्निं राये पुरूमीडह श्रुतं नरोग्निं सुदीतये छर्दिः।।

हे स्तोताओं! विस्तृत विकराल ज्वालाओं वाले अग्निदेव की स्तुति करो। उद्गातागण उन प्रसिद्ध अग्निदेव से धन तथा श्रेष्ठ प्रकाशयुक्त आवास प्राप्ति हेतु प्रार्थना करते हैं।

(२८) धेना

धेनाः शब्द **ऋग्वेद संहिता** में ११ बार प्रयुक्त हुआ है। वाक् अर्थ में इसका प्रयोग पाँच बार हुआ है। आचार्य आयण ने अलग-अलग स्थलों पर अलग-अलग अर्थ किया है। कहीं पर उन्होंने इसका अर्थ माध्यमिका वाक् बताया, कहीं पर स्तुतिरूपा वाक् और कहीं पर स्तुतीः कहा। माध्यमिका वाक् अर्थ में–

पितुश्चिदूधर्जनुषा विवेद व्यस्य धारा असृजद्वि धेनाः।
गुहा चरन्तं सखिभिः शिवेभिर्दिवोहह्वीभिर्न गुहा बभूव।।

–ऋ.३/१/९

अग्निदेव ने जन्म से ही अपने पिता (अन्तरिक्ष) के निचले स्तर जल प्रदेश को जान लिया। अन्तरिक्ष की जलधारा ने बिजली को उत्पन्न किया। अग्निदेव अपने कल्याणकर मित्रों और द्युलोक की जलराशि के साथ गुह्य रूप में विचरते हैं। उस अग्नि को कोई भी प्राप्त नहीं कर सका।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

(२९) ग्ना

ऋग्वेद में **ग्ना** शब्द १८ बार प्रयुक्त हुआ है। प्रायः यह बहुवचन में ही प्रयुक्त हुआ है, जो देवपत्नियों के अर्थ का द्योतन करता है। **ऋग्वेद** के एक मन्त्र में होत्रा भारती के साथ इसका प्रयोग हुआ है, इसीलिए इसे वाणी के अर्थ का परिचायक माना गया है–

आ ग्ना अग्न इहावसे होत्रां यविष्ठ भारतीय।
वरूत्रीं धिषणां वह।।

–ऋ.१/२२/१०

हे अग्निदेव! देवपत्नियों को हमारी सुरक्षा के लिए यहाँ ले आए। आप हमारी रक्षा के लिए (अग्निपत्नी) होत्रा, (आदित्यपत्नी) भारती, वरणीय वाग्देवी (धिषणा) आदि देवियों को भी यहाँ ले आएँ।

(३०) धिषणा

आचार्य सायण ने **'धिषणा'** को स्तुति (३/२/१), बुद्धि (३/३२/१४), वाग्देवता (४/३४/१) वाक् (१/१०९/४, ५/४१/८) इत्यादि अर्थों का वाचक माना है वाक् अर्थ में–

अभि वो अर्चे पोष्यावतो नृन्वास्तोष्पतिं त्वष्टारं रराणः।
धन्या सजोषा धिषणा नमोभिर्वनस्पतीरोषधी राय एषे।।

–ऋ.५/४१/८

धन प्राप्ति के लिए हम मनुष्यों के पोषक वास्तोष्पति और त्वष्टा देव की उत्तम स्तोत्रों द्वारा अर्चना करते हैं। धन देने वाली, आनन्द देने वाली धिषणा (वाक्) की स्तुति करतें हैं। वनस्पतियों और औषधियों की हम स्तुति करते हैं।

युवाभ्याम् देवी धिषणा मदायेन्द्राग्नी सोममुशती सुनोति।
तावश्विना भद्रहस्ता सुपाणी आ धावतं मधुना पृङ्क्तमप्सु।।

–ऋ.१/१०९/४

हे इन्द्र तथा अग्नि! धिषणा (वाक्) देवी आप दोनों की प्रसन्नता के लिए हैं। सोमरस अभिषवण कर के दिव्य सोमपान पूर्ण रूप से भरे हुए स्थापित हैं। हे अश्विनी कुमारो! उत्तम कल्याणकारी हाथों से युक्त आप दोनों शीघ्र आएँ और मधुर सोमरस को जलों से मिश्रित करें।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

सायण के पूर्व भी यास्क तथा वेंकटमाधव द्वारा धिषणा का अर्थ वाणी ग्रहण किया गया है। (निरूक्त-८/३/१, अर्थदीपिका-३/२/१)

(३१) अनुष्टुप्

पूरे **ऋग्वेद** में **'अनुष्टुप्'** शब्द का प्रयोग एक बार ही हुआ है, जहाँ यह वाणी से सम्बन्धित अर्थ का द्योतन करता है।

बीभत्सूनां सयुजं हंसमाहुरपां दिव्यानां सख्ये चरन्तम्।
अनुष्टुभमनु चूर्चूर्यमाणमिन्द्रं नि चिक्युः कवयो मनीषा।।

–ऋ.१०/१२४/९

भयभीत जल के मित्र इन्द्रदेव या सूर्यदेव कहे जाते हैं। वे दिव्य गुणों से युक्त जल की मित्रता से स्थित हो कर स्तुति योग्य है। इन गुणों से युक्त इन्द्रदेव की मेधावी ऋषिगण विवेकपूर्वक अर्चना करते हैं।

(३२) धेनुः

धेनुः शब्द **ऋग्वेद** में २१ बार आया है, किन्तु कुछ ही स्थलों में इसका वाक् के साथ सम्बन्ध प्रतीत होता है। इन स्थलों पर धेनुः शब्द का अर्थ माध्यमिका वाक् किया गया है। धेनुः के कुछ प्रयोग द्रष्टव्य हैं–

धेनुष्ट इन्द्र सूनृता यजमानाय सुन्वते।
गामश्वं पिप्युषी दुहे।।

–ऋ. ८/१४/३

हे इन्द्रदेव आपकी स्तुतियाँ गौ- रूप धारण करती हैं। वे सोमयज्ञ करने वाले यजमानों को पोषित करती हुई उनके लिए इच्छित पदार्थों को उपलब्ध कराती हैं।

(३३) गल्दा

गल्दा शब्द का अर्थ वाक् से सम्बन्धित तो नहीं है, किन्तु गिरा के साथ प्रयुक्त होने के कारण इसका वाणी से सम्बन्ध प्रतीत होता है। आचार्य सायण ने स्पष्ट किया है–

गल्दाया गाल्नेनास्त्रा-वधेन गिरा स्तुत्या च युक्तः।
मा त्वा सोमस्य गल्दया सदा याचन्नहं गिरा।
भूर्णिं मृगं न सवनेषु चुक्रुधं क ईशानं न याचिषत्।।

–ऋ. ८/१/२०

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

सिंह के समान महान् पराक्रमी, भरण-पोषण करने में समर्थ इन्द्रदेव! यज्ञ में सोमरस प्रदान करते हुए विजयिनी स्तुतियों द्वारा हम निरन्तर आपसे याचना करते हैं। हम क्रोध के पात्र कदापि नहीं हैं, क्योंकि कौन ऐसा व्यक्ति है, जो अपने अधिपति से याचना नहीं करता।

(३४) वाक्

वाक् शब्द का प्रयोग **ऋग्वेद** में अनेक बार हुआ है। इनमें से कुछ प्रयोग द्रष्टव्य हैं–

मानुषी वाणी के रूप में वाक् का प्रयोग–

चत्वारिवाक् परिमिता पदानि तानि विदुर्ब्राह्मणा ये मनीषिणः।
गुहा त्रीणिनिहिता नेङ्गयन्ति तुरीयं वाचो मनुष्या वदन्ति।

–ऋ.१/१६४/४५.

मनीषियों द्वारा यह ज्ञात हुआ है कि वाणी के चार रूप हैं, इनमें से तीन वाणियाँ प्रकट नहीं होतीं। सभी मनुष्य वाणी के चौथे रूप बैखरी को ही बोलते हैं। **–ऋ.१/१६४/४५**

माध्यमिका वाक् अर्थ में–

यद्वाग् बदन्त्यविचेतनानि राष्ट्री देवानां निषसाद मन्द्रा।
चतस्र ऊर्जं दुदुहे पयांसि क्व स्विदस्याः परमं जगाद्।।

–ऋ. ८/१००/१०

जब अज्ञानियों को ज्ञान सम्पन्न बनाने वाली तथा विद्वानों को आनन्दित करने वाली वाणी यज्ञों में प्रकट होती है, तब चारों दिशाओं से अन्न तथा जल का दोहन होता है। यह दिव्य वाणी किस स्थान से प्रकट हुई, कुछ पता नहीं है?

देवीं वाचमजनयन्त देवास्तां विश्वरूपाः पशवो वदन्ति।
सा नो मन्द्रेषमूर्जं दुहाना धेनुर्वागस्मानुप सुष्टुतैतु।।

–ऋ. ८/१००/११

देवताओं ने जिस दिव्य वाणी को उत्पन्न किया, विविध प्रकार के पशु (प्राणी) उसका उच्चारण करते हैं। अन्न तथा बल प्रदान करने वाली तथा गौ के सदृश हर्ष प्रदान करने वाली वह वाणी हमारे द्वारा भली-भाँति स्तुती होती हुई, हमारे समीप आए।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

इस प्रकार वाक् के ५७ पर्यायों में से जिनका प्रयोग **ऋग्वेद** संहिता में हुआ है, उन पर्यायवाची शब्दों का विवेचन किया गया।

कुछ शब्द अब भी ऐसे बचे हुए हैं जिन्हें निरूक्त में वाणी का पर्याय माना गया है। किन्तु **ऋग्वेद** का अवलोकन करने से प्रतीत होता है कि उनका सम्बन्ध वाणी से बिल्कुल नहीं है। ये शब्द हैं– गभीरा, कशा, नौ, नना, विपा, सुपर्णी, वाणः, धारा, पविः, बेकुरा, सूर्या, भरती, शब्दः, मेलि, मेना, गणः, शची, अक्षरम्, सरः आदि।

इन समस्त पर्यायों का सम्यग् अवलोकन करने के पश्चात् ऐसा प्रतीत होता है कि स्फोट का जो भी स्वरूप रहा, सबको वाणी के पर्याय के रूप में स्वीकार कर लिया गया। विभिन्न रूपों में वाग्देवी की कल्पना तथा उस कल्पना के माध्यम से विभिन्न रूपों में उसका विस्तार ऋषियों का लक्ष्य रहा। परा, पश्यन्ती, माध्यमिका और बैखरी इत्यादि अन्य रूपों में भी प्रचलित हुई।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

भाषा-चिन्तन की भारतीय परम्परा और आधुनिक भाषाविज्ञान

चित्तरञ्जन कर

भाषाविज्ञानक्षेत्रे भारतीयपरम्पराया औन्नत्यं कीर्त्तयत्येषः निबन्धः। अद्य भारते अमेरिका-भाषाविज्ञानपरम्परा प्रबला दृश्यते। पाश्चात्त्यभाषाविज्ञानं केवलम् अमेरिकादेशोत्पन्नमेव न। पाश्चात्त्यभाषाविज्ञानिभिः भारतीयं भाषावैज्ञानिकं चिन्तनं प्रशंस्यते। केवलं त एव अंशाः तैर्व्याख्याता येष्वस्माकं ध्यानमाकृष्टं नाभवत्। अस्मदाचार्याणां चिन्तनानुसारेण अस्माभिरुपायाः चिन्तनीया इति उपसंह्रियते प्रस्तुतौ।

भाषा-चिन्तन की भारतीय परंपरा अति प्राचीन है, जब कि आधुनिक भाषाविज्ञान का प्रारंभ १८वीं शताब्दी ई. से होता है। भारत में भाषा के संबंध में चिंतन की प्रक्रिया का स्पष्ट प्रमाण **ऋग्वेद** में मिलता है, जिस के दो सूक्तों में **'वाक्'** की उत्पत्ति मनुष्यकृत सिद्ध होती है। तदनुसार, अनुच्चरित या प्रकृत भाषा (हवा, पानी , साँप से संबंधित), आदिम भाषा (वस्तुओं, घटनाओं, गुणों का नामकरण), तथा मानव-निर्मित (उच्चरित) भाषा– ये तीन सोपान भाषा के क्रमिक विकास को दर्शाते हैं।

हमारे यहाँ षडंग विद्या की परंपरा थी– शिक्षा (ध्वनिविज्ञान), व्याकरण (पद एवं वाक्यविज्ञान), छंद (काव्य-रचना), निरुक्त (शब्द-व्युत्पत्ति) **ज्योतिष**, एवं कल्प, जिन में से प्रथम चारों भाषा से संबंधित हैं। यह ज्ञातव्य है कि भाषा-चिंतन स्वतंत्र न हो कर दर्शनशास्त्र एवं अलंकारशास्त्र के अंतर्गत समाविष्ट था, क्योंकि ये चारों अन्योन्याश्रित हैं, यद्यपि महर्षि पतंजलि का यह कथन उल्लेखनीय है कि **"प्रधानं च षट्सु अङ्गेषु व्याकरणम्"**। आनन्दवर्धन ने भी **"प्रथमे हि विद्वांसो वैयाकरणाः"** कह कर व्याकरण की महत्ता को रेखांकित किया है।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

भाषा का प्रयोग करना और भाषा के बारे में जानना दो अलग-अलग बातें हैं, क्योंकि एक अपढ़ व्यक्ति भी अपनी भाषा का प्रयोग अच्छे, प्रभावशाली ढंग से कर लेता है, परंतु वह उसके बारे में नहीं जानता, ठीक उसी प्रकार जैसे हम अपने शरीर के विभिन्न अंगो से अनेक काम तो लेते हैं, परंतु हमे उनकी तकनीकी जानकारी नहीं होती। भाषा के बारे में जानना ही व्याकरण का लक्ष्य है, जो मूलतः भाषा की आंतरिक व्यवस्था है या उसकी प्रकृति है, तथा जिसे प्रत्येक भाषाभाषी व्यवहार से ही आत्मसात् कर के अपने मस्तिष्क में सुरक्षित रखता है और उसी के आधार पर भाषा-व्यवहार करता है। संरचनात्मक भाषाविज्ञान के जनक फ़दिनां द सस्यूर ने भाषा (La lanque) को अमूर्त और व्यापक बताया है तथा उसके व्यवहार (La parole) को मूर्त। दूसरे शब्दों में भाषा सामान्यीकृत व्यवस्था है तथा व्यवहार व्यक्तिनिष्ठ। ज्ञातव्य है कि सस्यूर पाणिनि के अधिकारी विद्वान् थे। इसी को आधार बना कर चॉम्स्की ने भाषा-सामर्थ्य और भाषा-व्यवहार की अवधारणा प्रस्तुत की। सस्यूर ने भाषाविज्ञान की वर्णनात्मक या संकालिक पद्धति के लिए पाणिनि के **'अष्टाध्यायी'** में निर्दिष्ट भाषा के व्यवहृत रूप को आधार बनाया।

आधुनिक भाषाविज्ञान में ध्वनिविज्ञान, ध्वनिप्रक्रिया, रूपविज्ञान, शब्दविज्ञान, पदविज्ञान, वाक्यविज्ञान एवं अर्थविज्ञान का समावेश होता है। पाणिनि के व्याकरण में इन सभी का विशद् विवेचन मिलता है जो सूत्रात्मक, संक्षिप्त एवं सुस्पष्ट है। इन नियमों का अनुसरण कर के संस्कृत का कोई भी शब्द, पद या वाक्य निष्पन्न किया जा सकता है। वाक्यविश्लेषण की पाणिनीय पद्धति (सुबंत + तिङंत) ही आधुनिक भाषाविज्ञान में 'संज्ञापदबंध + क्रियापदबंध' के रूप में स्वीकृत है, जिस ने वाक्य-विश्लेषण की पूर्ववर्ती धारणा– उद्देश्य + विधेय–को त्रुटिपूर्ण बता कर निरस्त कर दिया, क्योंकि उद्देश्य आदि वाक्य के निर्मापक घटक न हो कर प्रकार्यात्मक हैं। यह उल्लेखनीय है कि पाणिनीय वाक्य-विश्लेषण मात्र सुबंत + तिङंत तक सीमित नहीं है, अपितु उनकी आधारभूत संरचना के स्तर तक भी उसकी गति है। कारक-प्रकरण और विभक्ति-प्रकरण **'अष्टाध्यायी'** में अलग-अलग हैं तथा भिन्न-भिन्न विभक्तियों से एक-कारक तथा एक विभक्ति से भिन्न-भिन्न कारकों की सिद्धि का निर्देश आधुनिक रूपांतरक-प्रजनक व्याकरण (चॉम्स्की) तथा कारक-व्याकरण (फ्रिलमोट) की अवधारणाओं से बहुत आगे ही नहीं है, अपितु अनेक दृष्टियों से तर्कसम्मत भी है।

पाणिनि ने **'अनभिहिते'** (२.३.१) अधिकार-सूत्र से **'चतुर्थी चाशिष्या-युष्यम् भद्रकुशलसुखार्थहिते'** (२.३.७३) तक विभक्तियों की चर्चा की है तथा

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

'कारके' (१.४.२३) से **'तत्प्रयोजको हेतुः च'** (१.४.३५) तक कारकों की परिभाषा की है। तदनुसार, कारक वक्ता की 'विवक्षा' (जोशी आदि, १९९५, IV, पृ० ८५) से निर्धारित होते हैं तथा आंतरिक स्तर और बाह्य स्तर के मध्यस्थ होते हैं (Kahrs, १९९८ : ५२)। दूसरे शब्दों में, अर्थ और वाक्य के बीच कारक सेतु बनते हैं। न तो चॉम्स्की का प्रजनक वाक्यविज्ञान और न ही फ़िलमोर का कारक-व्याकरण पाणिनि की विवक्षा-प्रणाली की समता कर सकता है। पाणिनीय कारक की एक और विशेषता है। वह है–क्रिया-रूप से कारक का व्यक्त होना:–

सः लिखति। (अभिहित कर्ता कारक)

असिश्छिनत्ति। (अभिहित करण कारक)

कटः क्रियते। (अभिहित कर्म कारक)

स्थाली पचति। (अभिहित अधिकरण कारक)।

यह ध्यातव्य है कि पाणिनी की **'अभिहित'** अवस्था की धारणा आधुनिक व्याकरण या भाषाविज्ञान में **'बाह्यस्तर'** है तथा **'अनभिहित'** अवस्था 'आंतरिक स्तर', जो निम्नानुसार है:–

विवक्षा (परिभाषा)	**अनभिहित अवस्था में कारकीय अभिव्यक्ति**
'स्वतन्त्रः कर्ता' (१.४.५४)	'कर्तृकरणयोस्तृतीया' (२.३.१)
'कर्तुरीप्सिततमं कर्म' (१.४.४९)	'कर्मणि द्वितीया' (२.३.२)
'साधकतमं करणम्' (१.४.४२)	'चतुर्थी सम्प्रदाने' (२.३.१)
'कर्मणा यमभिप्रैति स सम्प्रदानम्' (१.४.३२)	'अपादाने पञ्चमी' (२.३.२)
'ध्रुवमपायेऽपादानम्' (१.४.२४)	'सप्तम्यधिकरणे च' (२.३.३६) 'अकथितं च' (१.४.५१)
'आधारोऽधिकरणम्' (१.४.४५)	'अपादानादिविशेषैरविवक्षितं, कर्मसंज्ञं स्यात्' (गौण कर्म)

वस्तुतः चॉम्स्की और फ़िलमोर का महत्त्व व्याख्याकार के रुप में ही स्वीकार्य है, पाणिनि, पतंजलि, या कात्यायन, भर्तृहरि जैसे प्रवर्तक आचार्य के

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

रूप में कदापि नहीं। पाणिनि, कात्यायन, और पतंजलि **'मुनित्रय'** कहे जाते हैं। कात्यायन ने पाणिनि के 'अष्टाध्यायी' के सूत्र पर **'वार्तिक'** लिखे। **"उक्तानुक्तदुरुक्तचिन्ता वार्तिकम्"** (काव्यमीमांसा, ५) कहा गया है। पतंजलि ने पाणिनि और कात्यायन के सूत्रों और वार्तिकों पर **'महाभाष्य'** लिखा। पाणिनि की यह परंपरा कैयट, नागेश, जयादित्य तथा वामन, भट्टोजिदीक्षित, कौंडभट्ट भर्तृहरि तक चलती चली जाती है। स्वयं पाणिनी ने अपने पूर्ववर्ती आचार्यों का नामोल्लेख किया है। आपिशालि, गार्ग्य, काश्यप, स्फोटायन, गालव, शाकटायन, शाकल्य, आदि निस्संदेह पाणिनि के पूर्ववर्ती आचार्य रहे होंगे। भारतीय भाषाचिंतन परम्परा की यह अक्षुण्णता शाश्वत है, जिस में पूर्ववर्ती आचार्यों की अच्छाइयों को स्वीकारते हुए किन्हीं अनुक्त एवं दुरुक्त तथ्यों को संशोधित-परिवर्धित करते हैं।

जैसा कि विदित है भारतीय अलंकारशास्त्र (काव्यशास्त्र) ..... भाषा परक है। अतः भाषा अध्ययन में भरत से लेकर पंडित राज तक के अवदान को समाहित करना श्रेयस्कर भी है और उपयोगी भी। भरत का **नाट्यशास्त्र** संकेतविज्ञान का उत्कृष्ट ग्रंथ है, जिस में अर्थ-संप्रेषण और निर्वचन की विभिन्न पद्धतियों का तार्किक विवेचन है। वक्रोक्ति, रीति, ध्वनि, अलंकार, औचित्य, आदि भाषाविवेचन के विविध आयामों की विशद् विवेचना करते हैं। शैली की आधुनिक धारणा में भारतीय काव्यशास्त्र की रीति, वृत्ति, एवं प्रवृत्ति की व्यापक संहति है, जिन्हें क्रमशः कवि/लेखक/वक्तागत, भाषा/शब्दगत एवं समाजगत कहा जा सकता है। (१९९५, पृ. ३०)।

'स्फोट' ध्वनि, वर्ण, पद, वाक्य, आदि के **'नाद'** से उत्पन्न वह सत्ता है जिस के द्वारा अर्थबोध होता है। भर्तृहरि की स्फोट-संबंधी धारणा सस्यूर एवं देरिदा की संकेतन एवं विखंडन की धारणाओं को पूर्वतः आत्मसात् करती हुई प्रतीत होती है, जिसमें स्वनिम, रूपिम, शब्दिम, वाक्यिम, अर्थिम की अमरीकी परिभाषाओं का पूर्णतः समाहार हो जाता है। (द्रष्टव्य–Matilal, १९९०)। पाणिनि पतंजलि, भर्तृहरि प्रभृति आचार्यों ने व्याकरण में तथा भरत, आनंदवर्धन, अभिनवगुप्त आदि काव्याचार्यों ने **'शब्द'** को भाषा का पर्याय माना है, जिसमें 'ध्वनि' व्यंजना का वाचक है तथा व्यंजना से स्फोट का संबंध किसी शब्द की बहुप्रयोजनीयता से अनेकार्थकता के मूल में प्रकरण या संदर्भ-भेद क़ी भारतीय अवधारणा पाश्चात्य विद्वानों को भी मान्य है। रूपक, उपमादि अलंकार भाषा के अर्थ-व्यापार से संबद्ध हैं, जिनका विशद् विवेचन भारतीय काव्यशास्त्र में मिलता है।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

पतंजलि का **'महाभाष्य'** मात्र पाणिनिकृत **'अष्टाध्यायी'** का निर्वचन या भाष्य नहीं; आधुनिक भाषाविज्ञान की आधारशिला भी है। पतंजलि के अनुसार, व्याकरण **'शब्दानुशासन'** है : **"अथ शब्दानुशासनं केषां शब्दानाम्। वैदिकानां लौकिकानां च। एकैकस्य शब्दस्य बहवोऽपभ्रंशाः। तद्यथा 'गो' इत्यस्य गावी गोणी गोवा गोपोत्तिलिकेत्येवमादयो बहवोऽपभ्रंशाः।"** आधुनिक भाषाविज्ञान की अनुप्रयुक्त शाखाओं– समाज भाषाविज्ञान, भाषा भूगोल– का उत्स क्या इसे न माना जाए! आधुनिक भाषाविज्ञान में भाषा के सभी रूपों का अध्ययन समाहित है।

आज भारत में भाषाविज्ञान की अमरीकी परंपरा ही प्रभावशील है। पाश्चात्य भाषाविज्ञान मात्र अमरीकी नहीं है। पाश्चात्य भाषाविज्ञान का योगदान मात्र इतना है कि उसने भारतीय मनीषा की तलस्पर्शी प्रतिभा को स्वीकारते हुए हमारे आर्ष ग्रंथों में से उन-उन बिंदुओं को व्याख्यायित किया, जिनकी ओर हमारा ध्यान सामान्यतः नहीं जाता रहा है। भाषा का कोई भी प्रकरण लें, उस में जितनी गहराई से भारतीय आचार्यों ने चिंतन-मनन किया है, वह आश्चर्यजनक है। हमें अपनी समृद्ध परंपरा की पहचान होनी चाहिए। और हमें पाश्चात्य विद्वानों के द्वारा बताई गई राह की अपेक्षा न कर के स्वयं अपनी राह ढूँढनी होगी– "उद्धरेदात्मनात्मानम्।"

सन्दर्भ

कर, चित्तरंजन (१९९५)	:	प्रारंभिक शैलीविज्ञान, रायपुर
Kahrs, Eivind (1998)	:	Indian Semantic Analysis: The 'nirvacana' tradition, Cambridge University Press
Joshi, S.D. and Rood-bergen, J.A.F. (1995)	:	The Aṣṭādhyāyī of Pāṇini, (vol. IV), Sahitya Akademi, New Delhi.
Matilal, Bimal Krishna (1990)	:	The Word and the World : India's Contribution to the study of Language, Delhi-Oxford University Press.

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

संस्कृत भाषा के यात्रावृत्तान्त का एक ओझल साहित्य

अजय कुमार मिश्र

इयं प्रस्तुतिः आचार्यसत्यव्रतशास्त्रिणः थाइदेशविलासं नाम यात्रावृत्तान्तरूपं काव्यं साधीयसा प्रकारेण परिचाययति। थाय्यङ्गनानां च विभिन्नवेषा, धर्मो राष्ट्रं च राजा च, राज्ञी किलैषा पतिमन्वचारोत् इत्याद्युद्धरणानि प्रदर्श्य विमृश्य पाठकान् तत्काव्यं पठितुं च भृशं प्रेरयति प्रबन्धा।

सन् १९७९ में ही प्रस्तुत पुष्कल कृति **थाइदेशविलासम्** (आचार्य सत्यव्रत शास्त्री) के छप जाने के बावजूद सजिल्द कलेवर के रूप में संस्कृत साहित्य के बाज़ार में आज तक न पहुँच पाना, संस्कृत भाषा के आधुनिक साहित्य को ले कर कई सवालों को उठाते हैं। ऐसी उम्दा रचना का इतने वर्षों तक पाठक मानस पटल से ओझल होने से इतना तो कम से कम ज़रूर साफ़ होता है कि किसी भी श्रेष्ठ रचना का भाग्य का फैसला सामान्यतः आज कल प्रकाशक के हाथों में ही आ जाता है। यह तथ्य अलग है कि पुस्तक खपने/खपाने का जो आज घातक तंत्र और पैमाना कुकुरमुत्ते की तरह व्यवस्था पर अपना पैर जमा चुकी है उसके आतंक से छोटे औकात वाले या नये प्रकाशक उनसे लोहा लेने से बेंहतर अपने माल (पुस्तक) को ही डंप करना अधिक जायज़ मानते हैं। और इस फिराक तथा जोड़ तोड़ में लगे रहते हैं कि अपनी मुद्रित सामग्री को खपत करने का अवसर मिलते ही उन्हें पेपर या हार्ड बाइंडिंग का जामा पहना कर रातों रात सजा सँवार कर कहीं खपा दिया जाय और हो सके तो इसके मूल लेखक को इसकी भनक न लगे तो और अच्छी बात है।

सुकवि सत्यव्रत शास्त्री की ललित यात्रावृत्तांत **थाइदेशविलासम्** कई मायने में अपना ख़ास महत्त्व रखती है। कुल एक सौ इक्कीस श्लोक वाली यह रचना न केवल भारतीय अपितु विश्व संस्करण वाली मानी जा सकती है क्योंकि आचार्य शास्त्री ने स्वयं इन मनोरम श्लोकों का आंग्ल भाषा में भी अनुवाद किया है। संस्कृत भाषा अपने नाटकों के विविध भाषाओं यथा—मागधी/प्राकृत/शौरसेनी/अपभ्रंश बोले जाने वाले पात्रों के साथ संस्कृत के माध्यम से भाषा की समन्वित

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

सामुदायिकता का वातायन सर्वदा उन्मीलित करते हुए साझी भाषिक भारतीयता की अखंडता को पूरा तरजीह दिया है। इसी प्रकार प्रस्तुत पुस्तक में शास्त्री जी के इन यात्रावृत्तात्मक श्लोकों का थाई भाषा में तर्जुमा वह भी थाई देश की राजकुमारी श्रीमती सिरिन्धर तथा चुलालौङ्कौर्न विश्वविद्यालय के प्राच्य भाषा विभाग के विद्वान् प्रवचन् अश्वविरूद्धहकार द्वारा किया जाना भी बड़ा अर्थपूर्ण लगता है। वस्तुतः यह पहल भी संस्कृत और थाई भाषाओं के माध्यम से हिन्दुस्तान तथा थाईलैंड की ताजी सहकार संस्कृति को पुख़्ता बनाने में अहम प्रयास माना जा सकता है। मूल संस्कृत से थाई भाषा में इसका अनुवाद इस तथ्य की सर्वथा पुष्टि करता है कि संस्कृत ने न केवल भारतीय भाषा तथा साहित्य के लिए समीचीन है बल्कि पाश्चात्य देशों में इसकी काफ़ी आज भी प्रासंगिकता है। इस दृष्टि से पाणिनि के अष्टाध्यायी द्वारा कम्प्यूटर की दुनिया में धमाका मचाया जाना अपने आप में बेजोड़ नजीर माने जा सकते हैं। प्रस्तुत रचना में इस किताब़ को ले कर चुलालौङ्कौर्न विश्वविद्यालय के प्राच्य भाषा विभाग अध्यक्ष विसुधबुस्यकुल की भूमिका का छपना भी संस्कृत भाषा के माध्यम से आज भी थाई देशी संस्कृति से नज़दीकी सांस्कृतिक रिश्तों को खोजने का बड़ा अच्छा प्रयास माना जा सकता है। इसका कारण साफ़ है कि भाषा तथा साहित्य अपनी सभ्यता एवं संस्कृति का ऐतिहासिक दृष्टिकोण से अन्तःसाक्ष्य होते हैं।

आचार्य सत्यव्रत शास्त्री की रचना **थाइदेशविलसाम्** जैसी कृतियाँ संस्कृत भाषा के आधुनिक साहित्य को ले कर उठाये गये कई सवालों का जवाब भी खोजती नज़र आती है। इसका मतलब यह नहीं कि आचार्य शास्त्री ने प्रस्तुत कृति के माध्यम से संस्कृत विद्या में एक अभिनव विधा का सूत्रपात किया है। आचार्य श्री बलदेव उपाध्याय एवं आचार्य जगन्नाथ पाठक संपादित इतिहासपरक ग्रन्थ–**संस्कृत वाङ्मय का बृहद् इतिहास,** सप्तम खंड में यात्रावृत्तांत के विषय में भी परिभाषा देने का प्रयास किया गया है। सच तो यह है कि इस विधा के उत्स तो कई बहुत ही पूर्ववर्ती संस्कृत क्लासिक्स में भी विद्यमान हैं।

संस्कृत भाषा के यायावर साहित्य के उद्‌भव एवं विकास की कहानी जितनी आधुनिक है उतनी ही पुरातन भी जान पड़ती है। संस्कृत भाषा तथा इसके साहित्य के कालगत तहों में जाने से इसकी पुष्टि होती है कि दशकुमारचरित (दण्डी), **बृहत्कथा** (गुणाड्य) तथा **काव्य मीमांस** (राजशेखर) की रचनाओं के साथ साथं **रघुवंश** (कालिदास) में भी इसके कई लक्षण पाये जाते हैं। लेकिन कालजयी गीतिकाव्य **मेघदूत** (कालिदास) पर बहुत ही कम प्राच्य समीक्षकों की नज़र इस तथ्य को ले कर गयी होगी कि ब्रितानी हुकूमत ने इसका अनुवाद न

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

केवल साहित्य रसानुभव के लिए करवाया अपितु प्रशासनिक दृष्टि से भारतीय भौगोलिक सीमाओं को जानने के लिए भी ऐसा किया गया। क्योंकि कवि ने **मेघदूत** में जैसा सजीव वर्णन तथा विभिन्न स्थानों का जीवंत सांगोपांग अंकन किया है उससे भान होता है कि कवि के यायावरीय प्रवृत्ति के गर्भ से प्रस्तुत कृति का सृजन हुआ होगा। इस संभावना को नकारा नहीं जा सकता कि पाश्चात्य साहित्य का **ट्रैवलॉग** या **रिपोतार्ज** शब्द भी काल के हिसाब से संस्कृत के यात्रावृत्तांत से काफ़ी पीछे का जान पड़ता है। भट्ट मथुरानाथ शास्त्री द्वारा प्रसिद्ध यूरोपीय पर्यटक पियरे लोती द्वारा बीसवीं शताब्दी के शुरूआती दौर में लिखित अपने भारतयात्रा वर्णन का **भारतपर्यटनम्** के नाम से संस्कृत रत्नाकर में धारावाहिक रूप में प्रस्तुत करना भी यात्रावृत्तांत के अनुवाद क्षेत्र में महत्त्व का पहल माना जाना चाहिए। वाकई में संस्कृत भाषा के आधुनिक संस्कृत पत्र पत्रिकाओं में यात्रावृत्तांत को महत्त्व दिया जाना इसकी सुदीर्घ परंपरा की पुष्टि करता है। साथ ही साथ आधुनिक युग में **न्यक्तरजनपदशोभा** (बहादुरचन्द छाबड़ा), **कावेरीगद्यम्** तथा **प्रवासवर्णनम्** (दोनों श्री शैल दीक्षित), **भूलोक-विलोकनम्** तथा **भूलोक विलोकनम्**-३ (दोनों म.म. प्रभाकर नारायण कवटेकर), **रूषियाशतकम्** तथा **पाश्चात्त्यसंस्कृतम्** (दोनों आचार्य हरिदत्त शर्मा) और **रसप्रिया पेरिस राजधानी** (ओम प्रकाश पाण्डेय) आदि यात्रावृत्तात्मक कवितागुच्छ भी संस्कृत तरानों के आधुनिक वाङ्मय को समुज्ज्वलित करती हैं। आचार्य शास्त्री के **थाइदेशविलासम्** की यह भी ख़ासियत मानी जा सकती है कि विदेश वर्णन के प्रसंग में थाई देश परक यात्रावृत्तांत को ले कर न पहली तो कम से कम शुरूआती दौर के इक्के-दूक्के रचनाओं में अपना महत्त्वपूर्ण स्थान रखती है और स्वातंत्र्योत्तर भारत में इस शैली में लिखी गयी रचना रॉल मॉडल मानी जा सकती है। इसका बहुत बड़ा सबब यह भी है कि भारतीय परंपरागत संस्कृत पंडितों में सामान्यतः यह अवधारणा बहुत इधर तक रही है कि समुद्र लाँघ कर यात्रा करना धार्मिक मान्यता के प्रतिकूल है और आज से लगभग पचास साल पहले हिन्दुस्तान ब्रितानी हुक़ूमत के उत्पीड़न तथा अत्याचार के कारण राजनैतिक तथा सामाजिक स्वतंत्रता के लिए जूझ रहा था। फलतः ऐसी स्थिति में संस्कृत कविताएँ भी तत्कालिक आंग्ल सत्ता प्रतिरोधी स्वर को गुंजायमान करने में भी सर्वथा व्यस्त रही। यही करण है कि आज़ादी के संघर्ष के दौरान तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के ब्रह्म वेला में भी विदेश यात्रावृत्तांत से जुड़ी कविताएँ अभी तक ठीक ढंग से प्रकाश में नहीं आ सकी हैं। आज़ादी के शुरूआती दौर में भारत का अन्य देशों से कूटनैतिज्ञ या सांस्कृतिक रिश्ता भी अपनी उर्वर जमीन खोज रही होगी। फलतः वैदेशिक सांस्कृतिक आवागमन का दरवाजा पूरा न खुल सकने

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

के कारण ऐसी रचनाओं को लिखे जाने के बिम्ब का अभाव भी रहा होगा। आचार्य शास्त्री जी ने भी प्रस्तुत रचना की अपनी भूमिका में इस की संभावना व्यक्त की है कि **थाइदेशविलासम्** नामक प्रस्तुत रचना थाई देश को ले कर लिखी गयी पहली कृति है– **थाइदेशविलासकाव्यमपि मया स्वान्तसुखायैव व्यरचि। एतत् प्रकाशने च स एव नाम हेतुर्योऽन्येषाम्। श्रूयते थाइदेशविषयिरणीदम्प्रथमेयं कृतिरिति। असंशयमेव तत्सुखाकरोति मे चेतः।** (पृ. xii)। लम्बे तफ़्तीश के बावजूद मुझे भी थाईदेश से संबंधित प्रस्तुत रचना ही तथा दो अन्य गद्य ग्रंथ **थाईदेशस्य इतिहासः संस्कृतिश्च** (आचार्य राधावल्लभ त्रिपाठी) तथा **थाई देश के ब्राह्मण** (आचार्य सत्यव्रत शास्त्री) ही हस्तगत हो सकी हैं।

हिन्दुस्तान से औपनिवेशिक सूर्यास्त के बाद यहाँ पर सांस्कृतिक आक्रमण करने के उद्देश्य से पाश्चात्य देशों के द्वारा यह मिथक फैलाये जाने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है कि संस्कृत भाषा अब प्राणहीन सी हो गयी है। ग़ौरतलब़ है कि भाषा तथा साहित्य अपने मुल्क की संस्कृति का अन्तः साक्ष्य होता है और इसको तोड़ने मरोड़ने का मतलब साफ़ है कि उनकी सभ्यता एवं संस्कृति के खिलाफ़ साज़िश रची जा रही है। सांस्कृतिक महत्त्व की दृष्टि से संस्कृत भाषा के विषय में भारतीय संदर्भ में क्या कहना? अतः संस्कृत विषयक इस मिथक को सर्वथा अपाकृत करने के लिए आवश्यक है कि **थाईदेशविलासम्** सदृश यात्रावृत्तांतात्मक रचनाओं को भी यथोचित ढंग से उजागृत किया जाय। जब इतिहास तथा काल के अवधारणा में यथार्थ का स्खलन होता है तभी मिथक अपना पाँव जमाना शुरू करता है। समय पर रचनाओं का प्रकाश में न आना तथा समीक्षकों की इन पर समन्वित तथा यथोचित ढंग से दृष्टि न जाने का यथार्थ भी काल तथा इतिहास के बीच खाई बनाता जाता है और अंततः इस प्रकार मिथक ही अपने इतिहास पर सिक्का जमा लेता है। संस्कृत भाषा तथा साहित्य के साथ भी आज यही रोना है।

आचार्य सत्यव्रत शास्त्री ने अपनी ओजस्विनी रचना **थाइदेशविलासम्** के माध्यम से जहाँ भारतीय तथा थाई देश की भगिनी संस्कृति के सामञ्जस्य को रेखांकित किया है वहीं साहित्य तथा इतिहास के बीच नज़दीकी रिश्तों को भी टटोलने का बड़ा सार्थक प्रयास किया है। इस मायने में ऐसी रचनाएँ इसीलिए भी बड़ी अर्थपूर्ण लगती हैं कि जहाँ सुधीर चंद सदृश भारतीय सांस्कृतिक इतिहासकारों ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास निर्माण/लेखन में अन्य भारतीय भाषाएँ–मिसाल के तौर पर ख़ास कर मराठी, बांग्ला, उर्दू तथा हिंदी

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

आदि भाषाओं को साहित्य के अंतःसाक्ष्यों के रूप में विश्लेषित किया है वहीं संस्कृत भाषा तथा इसके साहित्य को कहीं भी कोई तरजीह नहीं मिली है। इसका बहुत बड़ा कारण यह भी है कि संस्कृत वाङ्मय में साहित्य तबसरा का नजरिया सामान्यतः रस, अलंकार या छंद आदि पर ही केन्द्रिय रहा है। शास्त्र परंपरा की रक्षा के लिए ऐसा पारंपरिक कार्य आवश्यक तो ज़रूर लगता है लेकिन आज के विश्व अदब के समीक्षात्मक फलसफे के तहत भी समसामयिक संस्कृत साहित्य को लिखने तथा उनकी जाँच पड़ताल करने को भी गुंजाइश बनानी होगी।

थाइदेशविलासम् जैसे यात्रावृत्तान्तात्मक रचनाएँ जहाँ संस्कृत भाषा के आधुनिक साहित्य को पुष्कल तथा तरोताजा बनाती है वहीं इस यथार्थ का भी एलान करती है कि संस्कृत वाङ्मय की रचनाधर्मिता का बिम्ब/विषय न केवल देशज अपितु विदेशज भी है। प्रस्तुत समालोच्य कृति के काव्य प्रयोजन के विषय में साफ़ करते लिखा गया है– **इदं चेज्जनयेत्तोषं सुधियां कल्यचेतसाम्/धन्यं स्वं कलयेयाहं सुधीतोषो हि दुर्लभः** ।।११९।। ग़ौरतलब़ है कि कवि ने अपने प्रस्तुत काव्य प्रयोजन का जिक्र बिल्कुल अंत में ही किया है। इन्होंने अपनी इस पुस्तक की भूमिका में भी इस आशय को स्पष्ट किया है। यद्यपि आचार्य सत्यव्रत शास्त्री ने अपनी रचना के अंत में शिव भक्त होने का ज़रूर संकेत दिया है। लेकिन इसी क्रम में उन्होंने शिक्षक छात्र के बीच जो सहकार संस्कृति की समृद्धि की कामना की है उसमें जहाँ एक तरफ़ प्राचीन गौरवशाली गुरू शिष्य परंपरा का पुष्कल स्मरण है वहीं दूसरी ओर आज अध्यापकों तथा छात्रों के बीच जो फासला बढ़ा है उस ओर भी संकेत की सूई घूमती नज़र आती है..........
..... शुभं भूयादध्यापकानामध्यायकानां च।।

आचार्य शास्त्री ने अपने आँखों देखा हाल तथा कुछ ऐतिहासिक साक्ष्यों के आधार पर थाई देश के विविध वंशावली, राजनैतिक तथा सामाजिक स्थितियाँ, हस्त एवं शिल्प, स्थापत्य कलाओं और प्राकृतिक सुषमाओं को जीवंत तथा मनोरम रूप में प्रस्तुत किया है। इससे संस्कृत भाषा की सजीव संप्रेषणीयता का रंग बिरंगे वैविध्य और ओजस्विता बड़ी चमचमाती हुई मालूम पड़ती है। जिस प्रकार प्रख्यात् प्राच्यविद् एवं इतिहासकार ए.एल. वासम ने अपनी बहुचर्चित पुस्तक **अद्भुत भारत** (हिंदी में अनूदित) में प्राचीन भारत के इतिहास निर्माण में संस्कृत के स्त्रोतों को भी तरजीह दी है। उसी प्रकार वह दिन दूर नहीं कि **थाइदेशविलासम्** जैसी नदीष्ण रचनाएँ हिन्दुस्तान के अन्य देशों से सांस्कृतिक/कूटनैतिज्ञ रिश्तों के तार खोजने में थर्मामीटर का काम करें। क्योंकि आज की संस्कृत भाषा तथा इसकी अपनी पुष्कल भूमिका में इस तथ्य का खुलासा किया है कि उन्होंने

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

इस रचना में थाइऽदेश के ऐतिहासिक पक्षों को रूपायित करने के लिए प्रो. रौङ् श्यामानन्द की पुस्तक **ए हिस्ट्री आफ थाइलैंड** का आधार बनाया है। कवि द्वारा इन ऐतिहासिक तथ्यों को काव्यता का जामा पहनाया जाना भी मम्मट के कांतासम्मित काव्य प्रयोजन के महत्त्व को संपुष्ट करता है जिसका सृजन कोई सहृदय सामाजिक तथा उद्‌भट शास्त्र विद्वान् की ही बस की बात है क्योंकि ऐतिहासिकता की नीरसता में काव्य तत्त्व का प्राण फूँका जाना कोई खेल नहीं होता है। रचनाधर्मिता का यही काव्य मर्म साहित्य तथा इतिहास के बीच फर्क करता है। अतः प्रस्तुत समीक्ष्य रचना साहित्य, संस्कृति तथा इतिहास के बीच में टर्निंग प्वाईंट की एक बड़ी महत्त्वपूर्ण कड़ी मानी जा सकती है क्योंकि यात्रावृत्तांत सामान्यतः आँखों देखा हाल ही होता है और **थाइदेशविलासम्** में साक्ष्यता एवं काव्यता का मनभावन समन्वय है।

प्रस्तुत रचना को पढ़ने से स्पष्ट है कि थाई देश पर भारतीय भाषा तथा संस्कृति का बड़ा व्यापक तथा कालजयी प्रभाव स्वाभाविक रूप में झलकता है– **रामायणे दृष्टिपथं प्रयाति/रूचिर्जनानां प्रबलाऽत्र चित्रम्/तस्य प्रयोगा अतिकौशलेन/कर्षन्ति चेतांसि बलाज्जनानाम्।।९।।** आचार्य सत्यव्रत शास्त्री ने अपने अन्य गद्यात्मक यात्रावृत्तांत पुस्तक **थाई देश के ब्राह्मण** में भी इस तथ्य को स्पष्ट किया है कि यद्यपि बौद्ध धर्म जनसाधारण का धर्म था और राजा इनकी रक्षा करते थे तो भी राजा के लिए हिंदू धर्म भी उतना ही आवश्यक था। इसीलिए उसे राजा का प्रश्रय प्राप्त रहा। कम्बङ बज्र के राजा धर्माशोक राज के अभिलेख में राजा ने हिंदू और बौद्ध दोनों धर्मों की समुन्नति की कामना की है। वहाँ के राजा/जनमानस न केवल अपना नाम भारतीय महापुरूषों/देवी-देवताओं आदि के अनुकूल रखना चाहते हैं बल्कि उनकों अपने जीवन का आदर्श भी मानते हैं– **रामेति नामात्मनि सन्दधाति/राजाऽत्ररामात्प्रति राजमानः/श्रीरामवत्संश्र- यते च वृत्तं/श्रीरामवच्चापि जनान् प्रशस्ति ।।१०।।** आचार्य हरिदत्त शर्मा ने भी अपने यात्रावृत्तांतात्मक काव्य **लसल्लतिका** में लिखी है कि वाकई में वहाँ लोगों पर **रामायणीय** प्रभाव भी स्पष्टतः दिखता है– **रामकथा रामायणधारा/प्रवहत्यत्र सदा/धारयन्ति राजानो रामं निजनिजनाम्नि मुदा।** (पृ. ८७)।

कवि शास्त्री ने थाई देश के स्थापत्य कला में देखा है कि वहाँ की धार्मिक भावना समग्ररूपेण समन्वित जान पड़ती है। वहाँ जगह जगह पर चतुर्मुखी भगवान् ब्रह्मा की मूर्ति स्थापित है और इसके एक भाग में बह्मा तथा दूसरे भाग में बुद्ध की मूर्ति बनी हुई है– **चतुर्मुखस्यापि च मन्दिराणि/श्रीब्रह्मदेवस्य पदे पदेऽत्र/एकत्र पूजा सुगतस्य भक्त्या–/ऽपरत्र च ब्राह्मण आविरस्ति।।** कुछ

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

इतिहासकारों का विचार है कि बौद्ध धर्म के उत्स में ब्राह्मण/वैदिक धर्म की भी अवधारणा थी जिसकी पुष्टि इस स्थापत्य को देखने से मिलती है। प्रो. रोमिला थापर ने भी अपनी चर्चित पुस्तक **एन्सियन्ट इंडिया** में बौद्ध धर्म पर वैदिक प्रभाव के कुछ चर्चाओं को उठाया है। थाई देश के स्थापत्य पर भारतीय प्रभाव दोनों मुल्कों के बीच कालजयी प्रभाव को भी रेखांकित करता है। कवि के इस अनेकता में एकता के भाव चिंतन में अशोक महान् के धर्म समागम तथा सम्राट् अकबर के **दीन इलाही** की भी याद तरोताजा बना देता है। आचार्य हरिदत्त शर्मा ने भी **लसल्लतिका में** थाई देश के रंग बिरंगे एकरंगी इन्द्रधनुषी सभ्यता एवं संस्कृति के विषय में लिखा है– **विविधमतालम्बिसम्मेलनमत्र दृश्यतेऽहम्** (पृ. ८९)। इतना ही नहीं आचार्य शास्त्री ने यह भी देखा कि वहाँ के प्रासाद भित्तिकाओं पर भी **रामायणीय** कथा बिम्बों को उकेर कर भारतीय संस्कृति की जीवंतता को बनाये रखा गया है– **रामायणादेव कथा अनेका/आदाय यद्भित्तिषु निर्मितानि/परश्शतानि प्रथितानि चित्रा-/ण्याभां विचित्रां विकिरन्ति यत्र**।।२०।। शास्त्री जी के आँखों देखा हाल से पता चलता है कि थाई निवासी बहु उत्सव प्रेमी होते हैं और रंग बिरंगे नये नये पोशाकों में सज धज कर इसमें बढ़ चढ़ कर भाग भी लेते हैं। इससे यह भी भान होता है कि वहाँ उस समय अमन चैन भी रहा होगा– **थाय्यङ्गनानां च विभिन्नवेषा/विभिन्नकालेषु च थाइपुंसाम्/प्रदर्शिता अत्र विवर्धयन्ति/-कुतूहलं प्रेक्षितुमागतानाम्।।३१।।** थाई देश में ब्राह्मण तथा बौद्ध धर्मों के समन्वयात्मक तथ्यों को उजागृत करते संस्कृत विद्या के प्रखर समालोचक तथा सुकवि आचार्य राधावल्लभ त्रिपाठी ने भी अपने यात्रावृत्तात्मक सांस्कृतिक इतिहासपरक पुस्तक **थाईदेशस्य इतिहासः संस्कृतिश्च** में लिखा है– **थाईदेशे बहूनि मन्दिराणि वैदिकपरम्परा-प्रभावितानि सन्ति; बौद्धमन्दिरेष्वपि वैदिक देवानां मूतर्य उपलभ्यन्ते।** (पृ. ५७)। लेकिन ध्यातव्य है कि थाई देश के धर्म एवं संस्कृति में धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष की जगह धर्म, राष्ट्र, राजा तथा संस्कृति को ही माना गया है– **धर्मो राष्ट्रं च राजा च चतुर्थी संस्कृतिस्तथा।। ६१।।** जो वाकई में भारतीय संस्कृति के पुरूषार्थ चतुष्ठ्य से अधिक समीचीन तथा प्रासंगिक लगता है क्योंकि आज किसी भी मुल्क में ये चारों तत्त्व सीधा का सीधा उससे ही जुड़े मालुम पड़ते हैं, यदि धर्म के समसामयिक विवाद की बातों को छोड़ दिया जाए तो। यह तथ्य अलग है कि भारतीय राजशास्त्र राजा को इस बात का हिदायत देता है कि यदि उसका बेटा देशद्रोही निकल जाय तो उसे भी अपने राज्य की सीमा से बाहर निर्वासित कर दिया जाना चाहिए। *अथर्ववेद की भूमि सूक्त* तथा पौराणिक साहित्य से ले कर भारतीय उपजीव्य महाकाव्यों में उत्कट राष्ट्रीयता के स्वर सुने जा सकते हैं। कवि ने वहाँ के ताक्सिन नामक राजा

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

का जिक्र किया है जिसने अपने पराक्रम से वहाँ के जनमानस को गुलामी की बेड़ियों से मुक्त करवाया। साथ ही साथ कवि ने यह भी लिखना नहीं भूला है कि वह राजा अपने जीवन के अंतिम दौर में विक्षिप्त हो गया था और अपने आप को बुद्ध का अवतार मानने लगा तथा उसने बौद्ध भिक्षुओं पर घोर अत्याचार भी किया– **येन स्वदेशः परतन्त्रताया/उन्मोचितो बन्धनतो बलेन।। ६४।।**

यात्रा प्रवास के दौरान वहाँ कवि को डिपार्टमेन्टल स्टोर भी देखेन को मिला और उसे इस देश का ललित शिल्प तथा हस्त कला भी बड़ा मन भावन लगा। सिल्क, सूती तथा वृक्ष के कोमल छाल से निर्मित रंग बिरंगे छातों का बाज़ार तो कवि को और अच्छा लगा– **कार्पासेषु वा कर्गलादिवन्मृदुषु/ विशिष्टवृक्षत्वचा/ रचितेषु ददाति रूच्यवर्णान् सः।। १०९।।** इससे साफ़ है कि वहाँ लोक कला आम आदमी के रोज़गार का उम्दा साधन भी है। यही कारण है कि वहाँ के फूँ पिंग नामक राज महल के आस पास की एक जगह को अम्ब्रेला विलेज के नाम से भी जाना जाता है।

कवि ने बड़े साकार रूप में प्रकृति का मानवीकरण भी किया है। यही कारण है कि उन्हें बैंकाक नगरी की सरहदे पृथ्वी रूपी नायिका के गले में बिल्कुल शुभ्र पुष्प के हार की तरह ही अलंकृत लगता है– **देशस्य तस्यास्ति भृशं विशाला/कण्ठे भुवः शुभ्रतरेव माला/ऐश्वर्य-सौन्दर्यविलास-धानी/ बैंकाकनाम्नी खलु राजधानी।।१३।।** उसी प्रकार थाई निवासियों के उत्सव, उमंग और उत्साह को प्रभावी ढंग से रूपायित करने हेतु उनके अदम्य इच्छा शक्ति की तुलना वहाँ के लुआंग नामक नदी की तूफानी हरकतों से करते हैं जो अपने पर्वोत्सव रूपी समुद्र में जा कर विलीन हो जाना चाहती है– **बैंकाके स्नाम् लुआंगनाम-न्यहम्पूर्विकया जनाः/स्थानेऽब्धिमिव नद्यापः समेता उत्सवेरिताः।।५८।।** इतना ही नहीं वहाँ के कोरल नामक द्वीप से कवि ने जब समुद्र के तूफान के मचलते लहरों को देखा तो इसकी स्फिटिक धवलता तथा प्रांजलता के कारण इसकी छवि एक आईना की तरह ही लग रही थी– **एवं सुखेन समयं व्यतियाप्य तत्र/द्वीपं समापतति कोरलनामधेयम्/तत्प्राप्य दर्पणगतप्रतिबिम्बकाब्धि-जीवान् स पश्यति च विस्मयमभ्युपेतः।।१०३।।** यहाँ प्रकृति वर्णन के प्रसंग में आलम्बन तथा उद्दीप्पन भावों को भी समाहित कर काव्य सौरभ में बड़ी श्रीवृद्धि की गयी है। आचार्य दिगम्बर महापात्र ने भी अपने यात्रावृत्तांत **रूषियाशतकम्** में रूस की गंगा वोल्गा नदी के क्रिया कलापों का मानवीकरण करते लिखा है कि यह नदी अपनी धारा रूपी पुष्प गुच्छ हाथों से अपने प्रियतम समुद्र की ओर अभिसार करना चाहती है– **प्रालय-पर्वतशिला-स्खलितं महान्तं/सम्भारमावहति वाऽब्धिवराय तस्याः।।**

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

आचार्य शास्त्री की प्रस्तुत कविता में भी उत्तर आधुनिकता तथा लूसिए गोल्डमान के साहित्यिक समाजशास्त्रीय रूझान भी कुछ हद तक देखा जा सकता है। इसका बहुत बड़ा कारण यह भी है कि कवि शास्त्री ने थाई देशीय अपने प्रवास के समय वहाँ के नारी गौरव की जो बात सुनी/देखी, उसे अपने अनुभवों की कुची से रंग रोगन करने में कहीं कोई कोताही नहीं की है। साथ ही साथ प्रस्तुत समालोच्य काव्य यात्रावृत्तांत होने के कारण अपने आप में किसी न किसी रूप में गोल्डमान के साहित्यिक चिंतन के विश्वधर्मिता की ओर भी संकेत देता दिखता है। कवि ने इसका जिक्र किया है कि इसका थाशरोट नामक राष्ट्रभक्त राजा थाई देश के मान सम्मान के लिए अनेक कार्य किए। लेकिन दुर्भाग्यवश वह वानलेन नामक स्थान जो *फाये* नदी में डूबते डूबते बचा और इसके बाद इसे इन नामक बेहद खूबसूरत औरत से दीदार भी हुआ। सिर्फ एक रात की दोस्ती में उस औरत को बाद में एक संतान की भी प्राप्ति होती है जिसका राज दोनों किसी अन्य को नहीं बताते हैं और अंततः वह राजा उसका नाम प्रसात्थोङ रख कर उसे अपना सिंहासन सौंप देता है– **स्त्रियां चापि तस्यां सुतं प्राप, नैतद्/रहस्यं च कस्मिमश्चिदाविश्चकार/- प्रसात्थोङभिख्यं पुपोषापि चैनं/समारोपयामास सिंहासनं च।।९८।।** इस मायने में **अभिज्ञानशाकुन्तल** (कालिदास) के दुष्यन्त का चरित्र थोड़ा ज़रूर छिछला माना जा सकता है जो अपने शकुन्तला को थोड़े समय के लिए पहचानने से भी मुँह मोड़ लेता है जबकि शकुन्तला दुष्यन्त को पाने के लिए तिल तिल कर मरती है। आचार्य शास्त्री ने सूरीयोथाई नामक रानी के वीरांगना उचित गुणों का बख़ान किया है जो पुरुष का वेष धारण कर संग्राम भूमि में जाती थी और जिसने अपने प्राण की बाज़ी लगा कर अपने प्राणप्रिय की जान भी बचायी थी– **राज्ञी किलैषा पतिमन्वचारोत्/संग्रामभूमौ सह तेन चासीत्/तत्रापदं धोरतरामुपेत-/मात्रास्त तं प्राणपणेन चापि।।८४।।** आचार्य दिगम्बर महापात्र ने भी अपनी रचना **रूषियाशतकम्** में जॉन आफ आर्क के चरित्र का वर्णन किया है और उनके हिसाब से रूसी महिला वाक्पटु तथा व्यवहार कुशला भी होती हैं। उनकी मिठास भरी आवाज़ के विषय में क्या कहना– *स्त्रियः प्रकृत्या ह्यवदातकाया/हृद्याः सहार्दै र्मधुरै र्वचोभिः।।* लेकिन आचार्य सत्यव्रत शास्त्री की दृष्टि में थाई देश की महिलाएँ तीखे नैन-नख्श तथा गोरी होती हैं जिस सौन्दर्य की पहचान सारे जमाने में है– **थाइस्त्रीणां सम्प्रख्यातं/रूपं पृथ्व्यां सर्वत्रैव/तन्वङ्ग्यस्ता गौराकाराः/शोभा तासां चित्रैवास्ति।।११५।।** लेकिन आचार्य दिगम्बर महापात्र ने अपनी रचना **रूषियाशतकम्** में रूसी औरत के कुचों की विशालता की तुलना पहाड़ों की बनावट से कर कल्पना की भी हवा उड़ा दिया है जो कम से कम यात्रावृत्तांत की दृष्टि से समीचीन नहीं माना

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

जा सकता है– **कुचैश्च शैलोच्चयमाचमन्ति।।** लेकिन भी इसका ध्यान रहे कि आचार्य सत्यव्रत शास्त्री ने नारी सौन्दर्य की कमनीयता तथा लालित्य का अंकन बड़ा ही संयमित रूप में ही किया है। आचार्य शास्त्री अपनी पुस्तक **थाई देश के ब्राह्मण** में लिखा है कि जब भारतीय मूल के लोग थाई देश पहुँचे तो उनके साथ भारतीय महिलाएँ नहीं गयी थीं। अतः उनका थाई महिलाएँ के साथ ही विवाह संस्कार होने के कारण उनमें भारतीय रक्त थोड़ा कम ही बचा होगा। शास्त्री जी का यह मत समाजशास्त्री श्रीनिवासन के सिद्धांत **संस्कृतिकरण** के फलक पर भी सोचने समझने के अवसर को थोड़ा प्रशस्त कर सकता है। साथ ही साथ इससे इस बात का भी ज्ञान होता है कि पूर्व वैदिक काल के बाद नारी समाज की दैनिक तथा विविध क्षेत्रों के उत्तरदायित्त्वों की जगह उत्तरोत्तर पारिवारिक जीवन में ही सिमटता चला गया। लेकिन आज इनका परिदृश्य थोड़ा ज़रूर बदलता नज़र आता है। अतः मेरे इस विचार का आशय आधुनिक संदर्भ में कतई नहीं समझा जाय। आज की औरत तो घर, समाज, बाहर या संसार के चतुर्दिक उत्तरदायित्त्वों से घिरी दिख रही हैं। आचार्य शास्त्री के उपर्युक्त मत से इस तथ्य की ओर भी संकेत मिलता है कि बौद्ध धर्म ने भी औरत को कोई ख़ास तरजीह नहीं दिया। अन्यथा इसमें विदेश गमन के समय पुरूष जत्थे के साथ साथ कुछ न कुछ महिलाओं की टोलियों का भी प्रवास गमन ज़रूर होता।

यशस्वी कवि शास्त्री ने थाई देश में देखा कि वहाँ घड़ियाल पालने का भी फार्म है जिसके चमड़े से बने सुंदर पर्स, बेल्ट तथा छोटे छोटे बॉक्स को लोग बरबस खरीदना चाहते हैं– **तच्चर्मणा संरचितानि नाना/क्रीणाति वस्तूनि जनः प्रहृष्टः/वस्त्रा मनोज्ञा अथ मेखलाश्च/-मञ्जूषिकाश्चापि विचित्ररूपाः।।२३।।** इसमें कोई शक नहीं की इस व्यवसाय से कई लोगों का गुजर बसर हो जाता है। लेकिन हमें यहाँ यह भी नहीं भूलना चाहिए कि ऐसे व्यापार का प्रश्रय प्राकृतिक असंतुलन को भी दस्तक देता नज़र आता है। लेकिन सर्प उद्यान के माध्यम से सर्पदंश से निजात पाने की दवा का निर्माण मानव कल्याण प्रयास है। लेकिन अंततः यह पहल भी पर्यावरण असंतुलन को ही बढाएगा। चर्चित एवं बहुपठित कवि आचार्य राधावल्लभ त्रिपाठी ने अपनी कविता **नगरे गृद्ध (सम्प्लवः, २००३ ई.)** में सामाजिक/राजनैतिक व्यङ्ग के साथ मानव के विविध गैर जिम्मेदराना हरकतों के कारण प्राकृतिक संपदा तथा जीव जन्तुओं के बीच जो अराजकता फैल रही है उसका अंकन भी कोई कम महत्त्व का नहीं लगता है।

थाई देश के बाज़ार में क़ीमती सोने तथा जवाहरात के चकाचौंध को देख कर कवि शास्त्री को कुछ क्षणों के लिए लगा कि समुद्र की सारी सम्पदा निकाल

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

